नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020



# जोहार छत्तीसगढ़



दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 203 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, सोमवार 30 मई 2022

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

पेज -3 पर

संसदीय सचिव की पहल पर परसवानी में सप्ताह में एक दिन..

पेज -4 पर

अखण्ड सौभाग्यवती व्रत वट सावित्री आज, जानें क्या है महत्व

## एक नजर

भेंट-मुलाकात

### मुख्यमंत्री ने 146 करोड़ 62 लाख रुपए के 171 विकास कार्यों की दी सौगात



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज भेंट-मुलाकात अभियान के दौरान केशकाल विधानसभा के ग्राम टाटामारी में आयोजित समारोह में 146 करोड़ 62 लाख रुपए के 171 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इनमें 40.94 करोड़ रुपए के 43 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं 105.67 करोड़ रुपए के 128 विकास कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। साथ ही 05.17 करोड़ रुपयों की लागत से 85 देवगुड़ियों के सौंदर्यीकरण के लिए भूमिपूजन एवं 15 देवगुड़ियों के सौंदर्यीकरण का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री द्वारा लोकार्पित कार्यों में लोक निर्माण विभाग के 11.17 करोड़ के 01, आदिवासी विकास विभाग के 26.18 करोड़ के 03 कार्य, जिला निर्माण समिति के 1.71 करोड़ का 1 कार्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 1.12 करोड़ के 37 कार्य शामिल है।

# केटीयू के दीक्षांत समारोह पर बवाल, एनएसयूआई ने कर दिया विरोध का ऐलान

**रायपुर।** रायपुर के कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय में सोमवार की सुबह दीक्षांत समारोह होना है। इसे लेकर बवाल के आसार नजर आ रहे हैं। आधिकारिक तौर पर कांग्रेसी छात्र संगठन NSUI ने इस कार्यक्रम का विरोध करने का ऐलान कर दिया है। दूसरी तरफ युनिवर्सिटी के कुलपति बलदेवभाई शर्मा ने राजभवन और पुलिस माहौल बिगड़ने की बात बताकर आगाह कर दिया है। दीक्षांत समारोह में अतिथि के तौर पर राज्यपाल अनुसुइया उइके को आमंत्रित किया गया है।

NSUI के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे ने कहा कि दीक्षांत में प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को आमंत्रित नहीं किया गया है। बिना मुख्यमंत्री को आमंत्रण दिए दीक्षांत समारोह की परंपरा अब तक छत्तीसगढ़ में नहीं रही । जब से नए कुलपति बलदेव भाई शर्मा की नियुक्ति हुई है तब से ही देखा जा रहा है कि पत्रकारिता विश्वविद्यालय में संघ का प्रभाव काफी बढ़ गया है।




यूनिवर्सिटी में एक दिन पहले ही छात्र नेता हनी बग्गा ने भी विरोध जताया था। बग्गा ने बताया था कि कार्यक्रम में छात्रों को मंच से डिग्री नहीं दी जा रही हैं। सिर्फ चंद गोल्ड मेडलिस्ट को ही मंच से डिग्री दी जाएगी। बाकियों को उनके स्टूडेंट्स के विभागाध्यक्ष हाथ में डिग्री थमा देंगे। बग्गा ने दावा किया है कि इससे पहले कभी इस युनिवर्सिटी में ऐसा नहीं होता था। इस वजह से हम इसका विरोध करेंगे।

### पुलिस ने किए पुख्ता इंतजाम

दूसरी तरफ बवाल के आसार को देखते हुए पुलिस ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। युनिवर्सिटी की तरफ जाने वाली सड़कों पर पहरा बैठाया जा रहा है। NSUI के नेता कैंपस पहुंचकर कोई बवाल न करें ये देखा जा रहा है। हालांकि छात्र संगठन के नेताओं का कहना है कि वो इस कार्यक्रम में अपना विरोध दर्ज करवाकर ही रहेंगे।

### कुलपति ने पुलिस से कहा-असामाजिक तत्व माहौल बिगाड़ेंगे

छत्तीसगढ़ के सांसद भी ट्रेन मुद्दे पर बैरंग लौटे

# भाजपा के एमपी ने केंद्र सरकार,रेल मंत्री से यात्री ट्रेनों पर बात की,हासिल कुछ नहीं हुआ

रायपुर। छत्तीसगढ़ से होकर गुजरने वाली 40 से अधिक यात्री गाड़ियां बंद कर दी गई हैं। इसकी वजह से 10 लाख से अधिक लोगों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। केंद्र सरकार सांसदों से भी रेल सुविधा की स्थिति स्पष्ट नहीं कर रही है।


संतोष पाण्डेय | विजय बघेल | अरुण साव | सरोज पाण्डेय

उनको कहा जा रहा है, कोयला परिवहन में तेजी लाने के लिए यात्री ट्रेन रद्द हुई है। स्थिति सुधरेगी तो रेल सेवा बहाल कर दी जाएगी। यह स्थिति कब आएगी इसका जवाब किसी सांसद के पास नहीं है।

छत्तीसगढ़ के सांसदों के सामने यह सवाल रखा। उनसे पूछा गया कि रेल गाड़ियों को फिर से शुरू कराने के लिए वे क्या कर रहे हैं। भाजपा की राज्यसभा सांसद सरोज पाण्डेय का कहना था, मैं केंद्रीय रेल मंत्री से मिली थी। उन्हें इस समस्या से अवगत कराया था। उन्होंने 15 दिन में ट्रेन शुरू करने की बात कही थी। अभी 15 दिन नहीं हुए हैं। देख लेते हैं, यदि इसके बाद भी कुछ नहीं होता है तो दोबारा उनसे मिलकर इस समस्या का समाधान निकालने की कोशिश करेंगे।

वहीं राजनांदगांव सीट से भाजपा सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा, इस संबंध में केंद्र सरकार से लगातार बातचीत हो रही है। ट्रेन को बंद करने के कारण बड़े जेनविन हैं। आश्वासन मिला है कि बहुत जल्द बंद रेल गाड़ियों को शुरू कर दिया जाएगा। बिलासपुर से भाजपा सांसद अरुण साव ने बताया, रेल मंत्रालय से लगातार संपर्क में हूं। लोगों को हो रही परेशानी से उन्हें अवगत कराया है। सरकार ने आश्वासन दिया है कि लोगों का ध्यान रखा जाएगा। कहा जा रहा है, जैसे-जैसे परिस्थितियां सामान्य होंगी, बारी-बारी से ट्रेन सेवा को बहाल कर दिया जाएगा। फिलहाल रेल सेवा को बहाल करने की निश्चित टाइमलाइन बताने की स्थिति में कोई नहीं दिख रहा है।




### दुर्ग सांसद ने एक विकल्प सुझाया है

*इस बीच दुर्ग से भाजपा सांसद विजय बघेल ने केंद्रीय रेल मंत्री से मुलाकात के दौरान विकल्प भी सुझाया है। उन्होंने कहा, मैं इस बारे में केंद्रीय रेल मंत्री से मिला था। मैंने उनसे कहा है कि यदि माल भाड़ा से अधिक कमाई होती है तो पहले उन ट्रेनों को गुजार दीजिए। बीच में जो समय बचता है उस समय पर पैसेंजर और एक्सप्रेस ट्रेने चलाएं। उन्होंने सुझाव को माना है। जल्द ही इस समस्या का समाधान होगा।*

राज्यसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस विधायक दल की बैठक

# दिल्ली से वापस लौटे PCC चीफ,कहा- प्रत्याशियों के नाम पर अंतिम फैसला हाईकमान लेगा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में राज्यसभा की दो सीटों के लिए हो रहे चुनाव में कांग्रेस ने अपना पत्ता नहीं खोला है। शनिवार को दिल्ली गए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम, रविवार को रायपुर लौट आए। वे अपने साथ कोरा बी. फॉर्म लाए हैं। केंद्रीय नेतृत्व जिनका नाम तय करेगा उसे इस फॉर्म में भरकर नामांकन पत्र के साथ रिटर्निंग अफसर को दिया जाएगा। कांग्रेस ने सोमवार को विधायक दल की बैठक भी बुलाई है।



रायपुर लौटे मोहन मरकाम ने बताया, उन्होंने दिल्ली में छत्तीसगढ़ के सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य के मुताबिक अपनी बात रखी है। इसपर अंतिम फैसला हाईकमान को लेना है। बताया जा रहा है, छत्तीसगढ़ से दर्जन भर से अधिक दावेदारों के नाम संगठन की टिप्पणी के साथ गए हैं। शीर्ष नेतृत्व ने इस संबंध में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से भी बात कर ली है। प्रत्याशियों की घोषणा सोमवार सुबह तक कभी भी की जा सकती है। इस बीच कांग्रेस ने सोमवार को विधायक दल की बैठक बुलाई है। यह बैठक सुबह 10.30-11 बजे से राजीव भवन में प्रस्तावित है।

पार्टी सूत्रों का कहना है कि इसी बैठक में राज्यसभा के दोनों प्रत्याशियों को विधायकों से मिलाया जाएगा। खुद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी इस बैठक में मौजूद रहने वाले हैं। इस बैठक के के बाद ही नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी।

# राज्य में महुआ फूल (सूखा) का संग्रहण 31 मई तक

मुख्यमंत्री के निर्देश पर बढ़ाई गई है संग्रहण अवधि

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निर्देश पर त्वरित अमल करते हुए राज्य में महुआ फूल (सूखा) का संग्रहण बढ़ाकर 31 मई तक किया जाएगा।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री बघेल भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के अंतर्गत विगत दिवस 19 मई को बीजापुर वनमंडल के ग्राम आवापल्ली में पहुंचे थे। वहां ग्रामीणों से मुलाकात के दौरान संग्राहकों ने बताया कि वर्तमान वर्ष में अधिक मात्रा में महुआ फूल का उत्पादन हुआ है। इसे ध्यान में रखते हुए वनवासियों संग्राहकों द्वारा संग्रहण अवधि को बढ़ाने की मांग रखी गई थी। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने वनवासियों के हित को ध्यान में रखते हुए मौके पर ही राज्य में महुआ फूल (सूखा) के संग्रहण अवधि को बढ़ाने के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री के निर्देश पर शीघ्र अमल करते हुए राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा 19 मई से ही आदेश जारी कर महुआ फूल के संग्रहण अवधि को बढ़ाकर 31 मई तक की गई है। पूर्व में यह एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक निर्धारित थी। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में राज्य में लघु वनोपजों का संग्रहण सुचारू रूप से जारी है। इस तारतम्य में प्रबंध संचालक राज्य लघु वनोपज संघ श्री संजय शुक्ला ने समस्त प्रबंध संचालक, जिला वनोपज सहकारी यूनियन को निर्देशित किया है कि अपने-अपने वनमंडल अंतर्गत महुआ फूल (सूखा) क्रय का सुचारू संचालन सुनिश्चित करें। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया है कि महुआ फूल (सूखा) क्रय हेतु देय राशि संबंधित संग्राहकों के बैंक खाते में हस्तांतरण करना आवश्यक है।





## बदमाशों ने किसान से लूटमार की

**रायपुर ।** गोबरा नवापारा में शनिवार को लूट का शिकार हुआ किसान। कुर्रा गांव के पास 4 बदमाशों ने बसना निवासी किसान के साथ मारपीट कर उससे नगदी और मोबाइल लूट लिया. हालांकि पुलिस ने मामले के चारो आरोपियों को गिरफ्तार कर नगदी और मोबाइल जब्त कर ली है.

बता दें कि, शनिवार की रात चार लुटेरों ने किसान से मारपीट कर 90 हजार रुपए और मोबाइल लूट लिया था. घटना के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए थे. वहीं प्रार्थी नवीन साहू ने तुरंत इस मामले की सूचना गोबरा नवापारा पुलिस को दी. लूट की सूचना मिलने के बाद नवापारा पुलिस और एंटी क्राइम और साइबर यूनिट की टीम भी सक्रिय हो गई. घटना के कुछ देर बाद ही इस मामले में संलिप्त सभी 4 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. पूरे मामले का खुलासा करते हुए एडिशनल एसपी ग्रामीण कीर्तन राठौर ने बताया कि, इस घटना को कुर्रा निवासी घनश्याम साहू, हीराराम नागरची, पुण्य वीर साहू और खिलेश्वर घृतलहरे ने अंजाम दिया था।

चना चोरी के बाद एसपी का एक्शन

# गांव से कई बोरियां बरामद, वीडियो के आधार पर लुटेरों का पता लगा रही पुलिस

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में बीते बुधवार की देर रात चने की बोरियों से भरी ट्रक के एक्सीडेंट होने के बाद आसपास के लोगों द्वारा चने की बोरियां ले जाने के मामले में अब पुलिसिया कार्रवाई शुरू हो गई है।

इसका वीडियो वायरल होने के बाद एडिशनल एसपी ने खुद इस मामले में दिलचस्पी दिखाई है और टीआई को भी फटकार लगाई है। उनके आदेश के बाद अब हिर्री पुलिस ने धीरे-धीरे कर गांव के लोगों से चना बरामद करना शुरू कर दिया है। फिलहाल किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।



दरअसल बुधवार की देर रात बलौदाबाजार से चना लोड कर पेंड्रा जा रही ट्रक का बेलमुण्डी गांव के पास एक्सीडेंट हो गया था। जैसे ही घटना की खबर हिर्री थाना क्षेत्र से लगे आसपास के ग्रामीणों को हुई तो लोगों में खलबली मच गई। जो लोग घटनास्थल पर पहुंचे थे उनमें चना लेने की होड़ मच गई थी। लोगों ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक पर लदे चने को लूट लिया था।

वीडियो में नजर आ रहा था कि वहां पुलिस मूकदर्शक बनी हुई थी। गांव वाले बड़े आराम से चना लेकर जाते दिख रहे थे। वीडियो देख कर ऐसा लग रहा था जैसे ग्रामीणों के बीच चने लूटने की होड़ मच गई हो। इधर घटना के दूसरे दिन राजनांदगांव निवासी फर्म मालिक राहुल माखीजा की शिकायत पर हिर्री पुलिस ने चोरी का जुर्म दर्ज कर लिया। बताया जा रहा है कि ट्रक में चने की करीब 982 बोरियां थीं।

### बहराइच में 9 लाख की चरस बरामद, तस्कर गिरफ्तार

*अब इस घटना को लेकर एएसपी सिटी उमेश कश्यप ने नाराजगी जताई है। उन्होंने हिर्री टीआई को फटकार लगाते हुए माल समेत आरोपियों की जल्द तलाश करने की हिदायत दी है, वही पुलिस ने गांव से चने की कुछ बोरियां बरामद कर तो ली हैं, लेकिन कोई भी आरोपी फिलहाल पुलिस की गिरफ्त में नही आया है।*

**मन की बात पूर्व सीएम के साथ** 31 से भाजपा पूरे प्रदेश में केंद्र का रिपोर्ट कार्ड दिखाएगी

# लोगों के बीच पहुंचे रमन, सुना रेडियो

**रायपुर।** रविवार का दिन भाजपा नेताओं ने पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम सुनकर बिताया। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के नेता और कार्यकर्ता प्रदेशभर में बूथों में जाकर जनता के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम को सुनते दिखे। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह रायपुर के फाफाडीह मंडल में गए।

लोगों के बीच बैठकर पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा कि मोदी सरकार की यह पहल प्रेरणा योग्य है वे देश के छोटे बड़े कस्बों गांवों एवं शहर में लोगों के योगदान को पूरे देश से साझा करते हैं, जिससे अन्य प्रगतिशील प्रयत्नों को ऊर्जा मिलती है, आज प्रधानमंत्री ने स्टार्टअप से लेकर लघु उद्योगों , हस्तशिल्प एवं उसमे महिला स्वसहायता समूहों के योगदान से फल फूल रहे स्टार्टअप की चर्चा की, जो महिला सशक्तिकरण की जीवंत मिसाल है, आज उन्होंने तमिलनाडु के तंजावुर क्षेत्र में निर्मित गुड़िया का वर्णन किया जो स्थानीय समूह ने उन्हें भेंट स्वरूप भेजी थी ।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने जिला भाजपा कार्यालय कांकेर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस दौरान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बस्तर संभाग प्रभारी व विधायक शिवरतन शर्मा, सांसद मोहन मंडावी, पूर्व मंत्री केदार कश्यप एवं जिला अध्यक्ष सतीश लाटीया मौजूद रहे। नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक और भाजपा प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सवन्नी बिलासपुर में कार्यकर्ताओं और आम जनता के साथ मन की बात कार्यक्रम सुना। राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय दुर्ग, सांसद अरुण साव बिलासपुर, सांसद सुनील सोनी ने रायपुर में मन की बात सुनी।

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष

### 31 से केंद्र सरकार का प्रचार छत्तीसगढ़ में

भाजपा संगठन महामंत्री पवन साय ने बताया कि मोदी सरकार के 8 साल पूरे होने अवसर को सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण योजना के तहत मनाया जा रहा है।

# बाल न काटने के मामूली विवाद पर ले ली जान, अंबिकापुर में युवक की चाकू मारकर हत्या

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ में बाल न काटने के मामूली सी बात पर हुए झगड़े में एक युवक की हत्या हो गई। शनिवार देर शाम गांधीनगर के मुक्तिपारा में हुई इस घटना से सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घेराबंदी की। इसी बीच आरोपी ने खुद सरेंडर कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर रविवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### एक-दूसरे को देख लेने की दी थी धमकी

संभाग मुख्यालय के अंतर्गत गांधीनगर के मुक्तिपारा निवासी 23 वर्षीय दीपक टोप्पो बाल काटने का काम करता था। शनिवार शाम करीब 6.30 बजे मोहल्ले का ही इमलियानुस मिंज उर्फ बुतरू पिता बरनाबस ने उससे बाल काटने के लिए कहा। इस पर दीपक ने मना कर दिया। इसे लेकर दोनों के बीच विवाद होने लगा। विवाद बढ़ने के बाद दोनों ने एक-दूसरे को देख लेने की धमकी दी और घर चले गए। कुछ देर बाद दीपक अपने घर से डंडा तो इमलियानुस सब्जी काटने वाला चाकू जेब में छिपाकर मुक्तिपारा शिवमंदिर के पास पहुंचे।



### पेट व गले में चाकू से किया वार

*लोगों ने पुलिस को बताया कि दीपक ने डंडे से इमलियानुस को मारा तो उसने चाकू से दीपक के ऊपर ताबड़तोड़ प्रहार कर दिया। पेट व गले में चाकू के गंभीर वार से दीपक वहीं ढेर हो गया। जब तक लोग वहां पर पहुंचते तक तक इमलियानुस हमला कर वहां से फरार हो गया। मोहल्लेवासियों द्वारा गंभीर रूप से घायल दीपक को अस्पताल ले जाया गया, यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।*

# राज्यों को उनका हिस्सा क्यों नहीं, केंद्र-राज्य संबंध पहले कभी इतने भयावह नहीं रहे

मैंने हाल ही में लिखा था कि केंद्र-राज्य संबंध पहले कभी इतने भयावह नहीं रहे। पिछले कुछ दिनों में उनमें टकराव का एक और बिंदु जुड़ गया है ्- करों में कटौती के लिए कौन अधिक पहल कर रहा है? 21 मई को वित्त मंत्री ने घोषणा की कि सरकार ने पेट्रोल में प्रति लीटर आठ रुपये और डीजल में प्रति लीटर छह रुपये की उत्पाद शुल्क कटौती करने का फैसला किया है। हालांकि अधिसूचना देर शाम जारी की गई। उस दिन सारे चैनल और अगले दिन सुबह आए अखबारों ने यह मानते हुए खबर दी कि कटौती उत्पाद शुल्क में होगी, राज्य जिसमें साझा करते हैं।

पर ऐसा नहीं था; कटौती अतिरिक्त उत्पाद शुल्क में की गई, जिसे राज्यों से साझा नहीं किया जाता। 22 मई को वित्त मंत्री ने राज्यों को शर्मसार करने की कोशिश की ्- मैंने शुल्क में कमी की है और अब आप वैट में कमी कीजिए। यह अपना वर्चस्व बताने की कोशिश थी। जैसे ही आंकड़े सामने आए, यह स्पष्ट हो गया कि केंद्र का राज्यों से पेट्रोल और डीजल में वैट कम करने के लिए दबाव बनाने का कोई मामला ही नहीं है।

## आंकड़े झूठ नहीं बोलते

पहली बात, जरा कटौती का विश्लेषण कीजिए। केंद्र को होने वाला लाभ अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (जिसे सड़क और बुनियादी ढांचा अधिभार या आरआईसी भी कहते हैं), विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) और कृषि तथा बुनियादी ढांचा विकास अधिभार (एआईडीसी) से प्राप्त होता है, जिसे राज्यों के साथ साझा नहीं किया जाता।

मई, 2014 में प्रति लीटर पेट्रोल में कुल उत्पाद शुल्क 9.48 रुपये था और प्रति लीटर डीजल में 3.56 रुपये। 21 मई, 2022 के आते-आते केंद्र ने इसमें वृद्धि कर प्रति लीटर पेट्रोल में 27.90 रुपये और प्रति लीटर डीजल में 21.80 रुपये कर दिया। यानी प्रति लीटर 18 रुपये से भी अधिक की बढ़ोतरी! अब जरा साझा किए जाने वाले बुनियादी उत्पाद शुल्क और साझा नहीं किए जाने वाले आरआईसी पर गौर कीजिए, जिसे कम किया गया है। (देखें टेबल)

वित्त आयोग द्वारा निर्धारित प्रतिशत के आधार पर साझा किए जाने वाले कर राजस्व में से 59 फीसदी केंद्र अपने पास रखता है और सारे राज्य बचे 41 फीसदी में साझा करते हैं। सारे राज्यों को मिलाकर पेट्रोलियम उत्पादों से बहुत मामूली हिस्सा मिलता है ्- प्रति लीटर पेट्रोल में 57.4 पैसे और प्रति लीटर डीजल में 73.8 पैसे! बुनियादी उत्पाद शुल्क से न तो कोई महत्वपूर्ण लाभ होता है और न ही नुकसान।




> तटस्थ पर्यवेक्षकों का तर्क है कि केंद्र-राज्यों की वित्तीय शक्तियों और संबंधों के सभी पहलुओं की व्यापक समीक्षा की जानी चाहिए। विशेष रूप से जीएसटी कानूनों से संबंधित कामकाजी अनुच्छेद 246 ए, 269 ए और 279 ए की समीक्षा की जानी चाहिए।

राजस्व का वास्तविक स्रोत है साझा न किए जाने वाला उत्पाद शुल्क। इनमें 21 मई, 2022 को प्रति लीटर पेट्रोल तथा डीजल में 18 रुपये से अधिक की बढ़ोतरी कर वित्त मंत्री ने इसमें प्रति लीटर में क्रमश: आठ रुपये और छह रुपये की कमी की है! यानी कम देकर अधिक की वसूली।

यह साफ है कि राज्यों को व्यावहारिक रूप में पेट्रोल और डीजल के जरिये केंद्र द्वारा जुटाए जाने वाले राजस्व से कुछ नहीं मिलता। राजस्व का उनका मुख्य स्रोत पेट्रोल और डीजल पर लगाया जाने वाला वैट है। उनका अन्य स्रोत शराब पर लगाया जाने वाला कर है। उल्लेखनीय है कि कुल राजस्व के अनुपात में राज्यों के अपने संसाधन घट रहे हैं।

राज्यों को पेट्रोल और डीजल पर वैट में कटौती करने के लिए प्रोत्साहित करना राज्यों को खुद भीख मांगने के लिए कहने के समान है ्- वे पस्त हो जाएंगे और अधिक उधार लेने के लिए बाध्य होंगे (बेशक केंद्र सरकार की अनुमति से) या अधिक अनुदान के लिए केंद्र के सामने कटोरा लेकर हाजिर हो जाएंगे। इससे राज्यों के पास जो थोड़ी-सी वित्तीय स्वतंत्रता है, वह भी हवा हो जाएगी। फिर भी, चार राज्यों तमिलनाडु, केरल, महाराष्ट्र और राजस्थान ने वैट में कटौती की है।

## पूर्ण समीक्षा की जरूरत

तटस्थ पर्यवेक्षकों का तर्क है कि केंद्र-राज्यों की वित्तीय शक्तियों और संबंधों के सभी पहलुओं की व्यापक समीक्षा की जानी चाहिए। विशेष रूप से जीएसटी कानूनों से संबंधित कामकाजी अनुच्छेद 246 ए, 269 ए और 279 ए की समीक्षा की जानी चाहिए। राज्यों को अपने संसाधन पैदा करने के लिए और अधिक वित्तीय शक्ति दी जानी चाहिए। यह एक तथ्य है कि जो राज्य संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं, वे शहरी और ग्रामीण स्थानीय निकायों को पर्याप्त धन नहीं देते हैं और इसका परिणाम यह है कि संविधान के 73वें और 74वें संशोधन ठंडे बस्ते में पड़े हैं। नगरपालिका और पंचायत संस्थाओं के लिए न तो धन उपलब्ध कराया जाता है, न ही कार्य और न ही पदाधिकारी। केंद्र सरकार के हाथों में वित्तीय शक्तियों के आभासी एकाधिकार ने केंद्र सरकार में अन्य शक्तियों का केंद्रीकरण किया है। केंद्र ने राज्यों के विधायी क्षेत्र में अतिक्रमण किया है। कृषि कानून इसका उदाहरण हैं। केंद्र अक्सर अपनी कार्यकारी शक्ति का इस्तेमाल राज्यों की कार्यकारी शक्ति को दबाने के लिए कर रहा है। (मसलन, पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को दंडित करने और राज्य को डराने के लिए संबंधित अधिकारी की सेवानिवृत्ति के दिन ही उनका स्थानांतरण और उनकी पदस्थापना की।)

पी. चिदंबरम

## संपादकीय


# क्रिकेट में भी राजनीति का संयोग

देश पर पिछले करीब दो महीने से तमाशा क्रिकेट आईपीएल का खुमार चढ़ा था, जो अब उतरने वाला है क्योंकि यह टूर्नामेंट अंतिम दौर में पहुंच गया है। इस टूर्नामेंट के अंतिम दौर में पहुंचने के साथ ही एक संयोग की चर्चा सोशल मीडिया में शुरू हुई। देश के एक जाने-माने उद्योगपति और कारोबारी ने इस संयोग का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट खेल रही 10 में से जो छह टीमें बाहर हो गई हैं, वो सारी टीमें गैर भाजपा शासित राज्यों की हैं। लीग स्तर पर जो टीमें बाहर हुई उनमें दिल्ली, हैदराबाद, मुंबई, चेन्नई, पंजाब और कोलकाता की हैं। इन सभी छह राज्यों में गैर भाजपा सरकारें हैं।

जो चार टीमें अंतिम दौर में पहुंचीं उनमें लखनऊ, बेंगलुरू और गुजरात भाजपा शासित राज्यों की हैं और राजस्थान कांग्रेस के शासन वाली। अब गुजरात की टीम फाइनल में पहुंच गई है और उसका फाइनल मुकाबला राजस्थान और बेंगलुरू में से जीतने वाली टीम के साथ होगा। यह देखना दिलचस्प होगा कि अंतिम मुकाबला दोनों भाजपा शासित राज्यों की टीम के बीच होता है या राजस्थान की टीम कुछ कमाल करती है? क्रिकेट में इस तरह के संयोग की चर्चा क्रिकेट के पिछले दो विश्व कप मुकाबलों के समय हुई थी, जब भारतीय टीम हार कर बाहर हुई थी तो कांग्रेस समर्थकों ने प्रचार किया था कि कांग्रेस के शासन में ही दो बार भारत विश्व कप जीता। ध्यान रहे भारत 1983 और 2011 में विश्व कप जीती थी और तब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी।

# दम तोडती निष्पक्ष मिशनरी पत्रकारिता !

*सुबह का अखबार या फिर समाचार चैनल कैसा हो? समाचार पत्रों व समाचार चैनलों पर क्या परोसा जाए? क्या नकारात्मक समाचारों से परहेज कर सकारात्मक समाचारों की पत्रकारिता संभव है ?क्या धार्मिक समाचारों को समाचार पत्रों में स्थान देकर पाठको को धर्मावलम्बी बनाया जा सकता है ? ब्रहमाकुमारीज के मीडिया सम्मेलनों में प्राय: एक स्वर में निर्णय लिया गया है कि व्यक्तिगत एवं राष्ट्रीय उन्नति के लिए उज्जवल चरित्र व सांस्कृतिक निर्माण के सहारे सकारात्मक समाचारों को प्राथमिकता देकर मीडिया सामग्री में व्यापक बदलाव किया जाए।*




30 मई पत्रकारिता दिवस पर विशेष

विकास से सम्बन्धित समाचारों,साक्षता,संस्कृति,नैतिकता और आध्यात्मिक मूल्य जैसे मुददों का समावेश कर स्वस्थ पत्रकारिता का लक्ष्य निर्धारित किया जाए। आज देशभर में हजारों समाचार पत्र व 700 से अधिक चैनल चल रहे है। जिनमें से कई समाचार पत्र व चैनल ऐसे है जो समाज के सुदृडीकरण के लिए खतरनाक है। इन समाचार पत्रों व चैनलों पर इतनी अश्लीलता पड़ोसी जाती है जिस कारण उसे पूरा परिवार एक साथ बैठकर पढ़ व देख नही सकता। ऐसे समाचार पत्रों व चैनलों पर कोई रोक भी नही है। इसलिए ऐसे समाचार पत्रों व चैनलों को ऐसी आपत्तिजनक सामग्री परोसने के बजाए समग्र परिवार हित की सामग्री परोसने पर विचार करना चाहिए। ऐसे समाचारों को परोसने से परहेज करना चाहिए जिसको चैनल पर देखकर या फिर अखबार में पढकर मन खराब होता हो या फिर दिमाग में तनाव उत्पन्न होता हो। आज के बदलते दौर में हिन्दी पत्रकारिता के भी मायने बदल गए है। दुनिया को मुठठी में करने के बजाए पत्रकारिता गली मोहल्लो तक सिकुडती जा रही है। अपने आप को राष्ट्रीय स्तर का बताने वाले समाचार पत्र क्षेत्रीयता के दायरे में और क्षेत्रीय स्तर का बताने वाले समाचार पत्र स्थानीयता के दायरे में सिमटते जा रहे है। जो पत्रकारिता के लिए शुभ संकेत नही है। सही मायने में पत्रकारिता का अर्थ अपनी और दुसरों की बात को दूर तक पंहुचाना है।साथ ही यह भी जरूरी है कि किस घटना को खबर बनाया जाए और किसे नही? आज की पत्रकारिता बाजारवाद से ग्रसित होने के साथ साथ मूल्यों की दृष्टि से रसातल की तरफ जा रही है। बगैर कार्यक्रम हुए ही कपोल कल्पित कार्यक्रम की खबरे आज अखबारो की सुर्खिया बनने लगी है,सिर्फ नाम छपवाने के लिए जारी झूठी सच्ची विज्ञप्तियों के आधार पर एक एक खबर के साथ बीस बीस नाम प्रकाशित किये जाने लगे है जो पत्रकारिता की विश्वसनीयता को न सिर्फ प्रभावित कर रहे है बल्कि ऐसी पत्रकारिता पर सवाल उठने भी स्वाभाविक है। इसके पीछे अक्सर यह तर्क दिया जाता है कि जितने ज्यादा नाम प्रकाशित होगे, उतना ही ज्यादा अखबार बिकेगा, लेकिन यह पत्रकारिता के स्वास्थ्य के लिए ठीक नही है । ठीक यह भी नही है कि प्रसार संख्या बढाने की गरज से समाचार पत्र को इतना अधिक स्थानीय कर दिया जाए कि वह गली मोहल्ले का अखबार बन कर रह जाए। आज हालत यह है कि ज्यादातर अखबार जिले और तहसील तक सिमट कर रह गए है। यानि एक शहर की खबरे दूसरे शहर तक नही पंहुच पाती ।उत्तराखण्ड के सीमावर्ती कस्बे गुरूकुल नारसन और मुजफफरनगर जिले के पुरकाजी कस्बे में मात्र 4 किमी का अन्तर है लेकिन जिला और प्रदेश बदल जाने के कारण एक कस्बे की खबरे दूसरे तक नही पंहुच पाती है ।इससे पाठक स्वयं को ठगा सा महसूस करता है। ऐसा नही है कि स्थानीय खबरो की जरूरत न हो, लेकिन यदि एक अखबार में 4से 6 पेज स्थानीय खबरो के होगे तो पाठक को क्षेत्रीय,राष्ट्रीय और अर्न्तराष्ट्रीय खबरे कम पढने को मिलेगी जो उनके साथ अन्याय है। वैसे भी खबर वही है, जो दूर तक जाए यानि दूरदराज के क्षेत्रो तक पढी जाए। दो दशक पहले तक स्थानीय खबरो पर आधारित समाचार पत्र बहुत कम थे। पाठक राष्टीय स्तर के समाचार पत्रों पर निर्भर रहता था। वही लोगो की अखबार पढने में रूची भी कम थी। स्थानीय अखबारो ने पाठक संख्या तो बढाई है लेकिन पत्रकारिता के स्तर को कम भी किया है। आज पीत पत्रकारिता और खरीदी गई खबरो से मिशनरी पत्रकारिता को भारी क्षति हुई है। जिसे देखकर लगता है जैसे पत्रकारिता एक मिशन न होकर बाजार का हिस्सा बनकर गई हो।


पत्रकारिता में परिपक्व लोगो की कमी,पत्रकारिता पर हावी होते विज्ञापन,पत्रकारो के बजाए मैनेजरो के हाथ में खेलती पत्रकारिता ने स्वयं को बहुत नुकसान पहुंचाया है।

डा श्रीगोपाल नारसन

## मिला जुला

# समान नागरिक संहिता लाने की तैयारी में मोदी सरकार, राज्यों को दी हरी झंडी

## कभी भी ला सकती है बिल



नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने देश के नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता कानून लाने के लिए तैयारी शुरु कर दी है। इस कानून का केंद्रीय बिल आने वाले समय में किसी भी समय संसद में पेश किया जा सकता है।

परीक्षण के तौर पर उत्तराखंड में इस कानून के बनाने की कवायद शुरू की गई है जिसमें एक कमेटी का गठन कर दिया है। इस कमेटी के लिए ड्राफ्ट निर्देश बिन्दु केंद्रीय कानून मंत्रालय ने ही दिए हैं। इससे साफ है कानून का ड्राफ्ट केंद्र सरकार के पास बना हुआ है। सरकार के उच्चतर सूत्रों के अनुसार राज्यों में बने नागरिक संहिता के कानूनों को बाद में केंद्रीय कानूनों में समाहित कर दिया जाएगा। क्योंकि एक समानता लाने के लिए कानून का केंद्रीय होना जरूरी है।

राज्यों में यह कानून को परीक्षण के तौर पर बनवाया जा रहा है। यह पहला मौका है जब सरकार ने पहली बार इस कानून के लाने के बारे में इतनी स्पष्टता से कहा है। सूत्रों ने कहा कि यह कानून अवश्य आएगा लेकिन कब और किस समय आएगा, यही सवाल है। सरकार का इरादा था कि समान नागरिक संहिता पर राष्ट्रीय विधि आयोग से रिपोर्ट ले ली जाए लेकिन विधि आयोग के 2020 में पुनर्गठन होने के बावजूद कार्यशील नहीं होने के कारण राज्य स्तर पर कमेटियां बनाई जा रही हैं। कमेटी का फॉर्मेट विधि आयोग की तरह से ही है। इसमें सुप्रीम कोर्ट की पूर्व जज जस्टिस रंजना देसाई, दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व जज प्रमोद कोहली, पूर्व आईएएस शत्रुघ्न सिंह और दून विवि की वीसी सुरेखा डंगवाल शामिल हैं।

### कानून मंत्री

इस बारे में कानून मंत्री किरण रिजीजू ने कहा कि समान नागरिक संहिता लाना भाजपा के मुख्य एजेंडों में से एक रहा है और इसे हर हाल में पूरा किया जाएगा। इस बारे में तैयारी चल रही है, यह कानून जरूर लाया जाएगा।

### क्या है समान नागरिक संहिता

समान नागरिक संहिता से देश में सभी नागरिकों के लिए विवाह, विवाह की उम्र, तलाक, पोषणभत्ता, उत्तराधिकार, सह-अभिभावकत्व, बच्चों की कस्टडी, विरासत, परिवारिक संपत्ति का बंटवारा, वसीयत, चैरिटी-दान आदि पर एक समान कानून हो जाएगा चाहे वे किसी भी धर्म या संप्रदाय या मत से हों। अभी ये कानून हिन्दू, मुस्लिम, ईसाई और पारसियों के लिए अलग अलग हैं जो उनके धार्मिक ग्रंथों पर आधारित हैं।

### कुछ अंतर भी

मुस्लिम ला में बहुविवाह (चार) की छूट है लेकिन अन्य धर्मो में एक पति एक पत्नी का नियम कड़ाई से लागू है। बांझपन या नपुंसकता जैसा उचित कारण होने पर भी हिंदू, ईसाई, पारसी के लिए दूसरा विवाह अपराध है और आईपीसी की धारा 494 में 7 वर्ष की सजा का प्रावधान है। मुस्लिम में विवाह के लिए उम्र की कोई सीमा नहीं है, 9 वर्ष तक की कन्या से विवाह किया जा सकता है।

### एक नजर

**जमीयत की बैठक में बोले मौलाना मदनी -**

## शरीयत में दखल नहीं करेंगे बर्दाश्त, हमारे वजूद का सवाल

**देवबंध** में दूसरे दिन भी ज़मीयत उलमा-ए-हिंद का सम्मलेन चला. इस दौरान जमीयत की तरफ से कई तरह के प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई, जिनमें ज्ञानवापी मस्जिद और मथुरा शाही ईदगाह जैसे मामले भी शामिल हैं. सम्मेलन के दूसरे दिन भी जमीयत के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने कहा कि, हर चीज पर समझौता हो सकता है लेकिन विचारधारा पर समझौता नहीं हो सकता है. मदनी ने कहा कि शरीयत में दखल को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.



**हमें पहले मुल्क बचाना है - मदनी**

मौलाना महमूद मदनी ने कहा कि, आज हमारे वजूद का सवाल है. मुसलमानों को पहले से ही जुल्म सहने की आदत है. हमें पहले मुल्क बचाना है. इसीलिए हम मुल्क की बात पहले कर रहे हैं, लेकिन इससे भी बहुत सारे लोगों के पेट में दर्द हो रहा है. अगर वो राष्ट्रवाद की बात करते हैं तो वो सही है, लेकिन अगर हम ये बात करेंगे तो उसे दिखावा कहा जाता है.

हरियाणा में लाखों बच्चों का भविष्य अंधकार में, एक मौका दीजिए...

## सरकारी स्कूलों को बदल दूंगा- केजरीवाल


**कुरुक्षेत्र।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल रविवार को कुरुक्षेत्र में आम आदमी पार्टी की अब बदलेगा हरियाणा रैली में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों में 18 लाख बच्चे पढ़ते हैं जिनका भविष्य पहले अंधकार में था। ऐसे ही हरियाणा में लाखों बच्चों का भविष्य अंधकार में है। केजरीवाल ने कहा कि एक मौका दे दीजिए हरियाणा के सभी सरकारी स्कूलों को बदल कर दिखा दूंगा। सीएम केजरीवाल ने कहा, मुझे मौका दो, मैं हरियाणा के सभी स्कूलों में सुधार करूंगा। दिल्ली सरकार के स्कूल इसके सबूत हैं। गरीब के बच्चे भी इंजीनियर और डॉक्टर बनेंगे। हमने दिल्ली के निजी स्कूलों को पिछले 7 वर्षों में फीस बढ़ाने की अनुमति नहीं दी। 4 लाख बच्चों ने प्राइवेट स्कूलों से नाम कटवाकर सरकारी में दाखिला लिया है। ट्रंप की पत्नी हमारे स्कूल देखने आईं। अरविंद केजरीवाल ने जनता से पूछा से कि पिछले 7 सालों में हरियाणा में कितनी नौकरियां मिलीं। उन्होंने कहा कि मैंने दिल्ली में लाखों नौकरियां दी हैं। वहीं सरकार पर आरोप लगाते हुए केजरीवाल ने कहा कि इनसे स्कूल नहीं बनते, इनसे नौकरियां नहीं निकलतीं और न ही ये अस्पताल बना पाते हैं।



आधार कार्ड को लेकर केंद्र की नई एडवाइजरी

## फोटोकॉपी साझा करते वक्त रखें इस बात का ध्यान

नई दिल्ली। अक्सर हम लोग कहीं भी किसी को अपने आधार कार्ड की कॉपी शेयर कर देते हैं। अगर आप भी ये गलती कर रहे हैं, तो तुरंत सावधान हो जाने की जरूरत है। आपकी ये लापरवाही एक बड़े नुकसान की वजह बन सकती है। इसको लेकर सरकार ने चेतावनी जारी की है।




आधार कार्ड काफी जरूरी दस्तावेज है। किसी सरकारी योजना का लाभ उठाना हो या वित्तीय लेन-देन करना हो। आज कई जरूरी कार्यों के लिए इस कार्ड की खास उपयोगिता हम लोगों के लिए है। आधार कार्ड आपकी पहचान का प्रमाण है। इसमें 12 अंकों का न्यूमेरिक डिजिट होता है। ये न्यूमेरिक अंक आपके बायोमीट्रिक पहचान को सुनिश्चित करने का काम करते हैं। ऐसे में आपको आधार कार्ड का उपयोग करते समय कई बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। अक्सर हम लोग कहीं भी किसी को अपने आधार कार्ड की कॉपी शेयर कर देते हैं।

## नेपाल में विमान लापता, 4 भारतीय और 3 जापानी नागरिक भी थे सवार

नेपाल में तारा एयर के एक विमान का एयरपोर्ट से संपर्क टूट गया है। इसमें 19 यात्री सवार थे। साथ ही तीन क्रू मेंबर्स भी थे। लापता विमान में 4 भारतीय और 3 जापानी नागरिक भी सवार थे। शेष नेपाली नागरिक थे। एयरपोर्ट अधिकारी ने बताया कि विमान ने पोखरा से जोमसोम के लिए सुबह 9.55 बजे उड़ान भरी थी। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता फदींद्र मणि पोखरेल ने बताया कि मिनिस्ट्री ने लापता विमान की तलाश के लिए मस्टैंग और पोखरा से दो निजी हेलीकॉप्टर तैनात किए हैं। नेपाल सेना के हेलिकॉप्टर को भी तलाशी के लिए तैनात करने की तैयारी की जा रही है। मुख्य जिला अधिकारी नेत्र प्रसाद शर्मा ने बताया, विमान को मस्टैंग जिले में जोमसोम के आसमान के ऊपर देखा गया था और फिर उसे माउंट धौलागिरी की ओर मोड़ दिया गया, जिसके बाद वह संपर्क में नहीं आया। वहीं, तारा एयर के प्रवक्ता सुदर्शन बरतौला ने बताया कि इस फ्लाइट पर कैप्टन प्रभाकर प्रसाद घिमिरे, सह-पायलट उत्सव पोखरेल और एयर होस्टेस किसमी थापा सवार थे।



# राज्यसभा की टिकट बस्तर से देने की मांग -ओबीसी संगठन

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ सुकमा जिले का बैठक ग्राम झलीयारास में रखा गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू, विशेष अतिथि के रूप में जितेंद्र सिंह साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष, केएस दीवान, भागवत वैष्णव प्रदेश महासचिव, जीआर बघेल कोषाध्यक्ष, तरुण सिंह धाकड़, सुरेश कुमार पटेल, फूलचंद दीवान,गणेश यादव,संतोष साहू, देवलाल सोंवशी,मुकेश दीवान, विशेष रूप से उपस्थित थे।



बैठक की अध्यक्षता धनीराम यादव अध्यक्ष, ओबीसी संघठन सुकमा के द्वारा किया गया और बैठक का संचालन छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ के महासचिव गोपाल सिंह अजमेरा ने किया। बैठक में पदाधिकारियों द्वारा मुख्य रूप से पिछड़ा वर्ग के निम्न मांगों के संबंध में विस्तृत चर्चा किया गया जो इस प्रकार हैं। मंडल कमीशन के सिफारिश के आधार पर 27: आरक्षण लागू किया जाए।, बस्तर संभाग और सरगुजा संभाग के अनुसूचित क्षेत्र के मूल निवासी, मूल समाज को भी पेसा कानून में भागीदारी हो। 3.06 जून को स्थापना दिवस धूमधाम से जिला मुख्यालय में मनाने के संबंध में कार्ययोजना तैयार किया गया। राज्यसभा की टिकट बस्तर से देने की मांग ओबीसी वर्ग द्वारा किया गया। एनएमडी सीएसार में स्थानीय भर्ती हो। उपरोक्त सभी एजेंडा पर विस्तार से चर्चा कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इस दौरान कलार समाज, राउत समाज, बंजारा समाज,धाकड़ समाज,पनार समाज, तेलंगा समाज,कुम्हार समाज,लोहार समाज, मंगन समाज, के पदाधिकारीगण, और युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारीगण भी उपस्थित थे। संघ के महासचिव गोपाल सिंह अजमेरा ने बताया कि उपस्थित समाज के पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत करने और समय समय पर ब्लाक लेवल और जिला स्तर पर गतिविधि करने पर जोर दिया गया ताकि पिछड़ा वर्ग संघ मजबूत बन सके, विदित हो कि सुकमा जिले में तीनों ब्लाकों में जोन स्तर में बैठक कर संगठन को मजबूत और सक्रिय करने पर जोर दिया जा रहा है।



## एक नजर

### शातिर बाइक चोर को भंवरपुर पुलिस ने पकड़ा

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।




शातिर बाइक चोर को पकड़ाया, इन नंबरों का बाइक हुआ जब्त महासमुंद लगातार बाइक चोरी की शिकायत के बाद भवरपुर पुलिस टीम ने चोरी की घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात आरोपी के बारे में जानकारी एकत्र कर छोटी सी छोटी जानकारी एकत्रित कर अज्ञात आरोपियों तक पहुंचने हेतु हरसंभव प्रयास करने निर्देशित किया गया था। पतासाजी दौरान मुखबिर से सूचना मिला कि संदेही सुरेश यादव पिता स्व. मंथर यादव उम्र 22 साल साकिन पतेरापाली मोटर सायकल चोरी किया है। पुलिस ने उक्त आरोपी को पकड़ कर पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया।

### चोरी की पांच नग मोटरसाइकिल के साथ चोर गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

**कोरबा** । पुलिस अधीक्षक श्री भोज राम पटेल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अभिषेक वर्मा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री ईश्वर त्रिवेदी के मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है कि थाना क्षेत्र में चोरी जैसे घटनाओं पर अंकुश लगाएं एवं चोरी जैसे अपराध को अंजाम देने वालों पर त्वरित कार्यवाही करे। इसी तारतम्य में 28 मई 2022 को पाली थाना पुलिस को मुखबिर सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम तालापारा में एक व्यक्ति चोरी का मोटरसाइकिल बेचने की फिराक में ग्राहक का तलाश कर रहा है की सूचना तस्दीक एवं कार्यवाही वास्ते हालात वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा कर एवं उनसे दिशा-निर्देश प्राप्त कर थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल पटेल के नेतृत्व में एक टीम तैयार कर मौका स्थल ग्राम तालापारा में गवाह एवं पुलिस पार्टी के रेड कार्यवाही किए जो एक व्यक्ति मोटरसाइकिल डिलक्स सोल्ड को बेचने की फिराक में ग्राहक का तलाश कर रहा था। जिसे हिरासत में लेकर नाम पता पूछने पर अपना अर्जुन सिंह कवर पिता बुधवार सिंह पवार निवासी डुमरी थाना बाल्को का रहने वाला बताया। संदेही व्यक्ति से मोटरसाइकिल के संबंध में दस्तावेज पेश करने नोटिस दिए जो मोटरसाइकिल का कोई कागजात नहीं होना लिखित में दिया। जिसे हिकमत अमली से पूछताछ पर आरोपी के द्वारा उक्त मोटरसाइकिल को बुधवारी बाजार क्षेत्र कोरबा एवं आसपास के क्षेत्र से अपने साथी गीत कुमार निवासी सतरंगा के साथ मिलकर चोरी करना तथा बिक्री के लिए ग्राहक की तलाश करना बताया। साथ ही मौके पर एक मोटरसाइकिल को बरामद करवा कर अन्य चार नग मोटरसाइकिल को दमिया जंगल में छुपा कर रखना बताया। जिस पर से आरोपी के कब्जे से एक मोटरसाइकिल स्वयं से तथा चार मोटरसाइकिल दमिया जंगल मे आरोपी के पेश करने पर कुल 5 नग मोटरसायकल की जब्ती कर मौके पर ही आरोपी के विरुद्ध धारा 41-1-4, जाफौ/379 भादवि के तहत गिरफ्तार किया गया, आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

### हाटकोंदल में स्थित तहसील लिंक कोर्ट गत 5 वर्षों से बंद

**कांकेर** । जिले के ग्राम पंचायत हाटकोंदल में स्थित तहसील लिंक कोर्ट गत 05 सालों से बंद है, जिसके चलते ग्रामीणों को अपनी समस्या लेकर 30 किमी दूर दुर्गकोंदल में स्थित तहसील कोर्ट तक जाना पड़ता है, वहां पहुंचने के लिए सार्वजनिक वाहनों की कमी होने से गरीब ग्रामीणों की परेशानी का सहज अनुमान लगाया जा सकता है। हाटकोंदल को उप तहसील बनाने की मांग भी ग्रामीणों ने रखी थी, क्योंकि इस क्षेत्र में कई ग्राम पंचायत व आश्रित ग्राम ऐसे हैं जिनकी दूरी दुर्गकोंदल से 40 से 50 किमी तक है।

### निःशुल्क बीपी.शुगर जांच कैम्प का आयोजन 2 जून को

**कोरबा** । कलेक्टर श्रीमती रानू साहू के निर्देशानुसार कोरबा जिले में 02 जून को निःशुल्क बीपी, शुगर जांच कैम्प का आयोजन किया जायेगा। कैम्प में 30 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों के बीपी और शुगर की जांच की जायेगी। जांच कैम्प का आयोजन पूरे कोरबा जिले में किया जायेगा। इसके लिए 301 जांच केन्द्र बनाये गये हैं। इसके अंतर्गत जिले के कुल 6 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 40 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और 255 उपस्वास्थ्य केंद्र . हेल्थ एंड वेलनेश सेंटरों के माध्यम से निर्धारित स्थल पर उक्त जांच किया जायेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीबी बोडे ने बताया कि उक्त जांच शिविर में 30 वर्ष के अधिक उम्र के सभी व्यक्ति अपने नजदीकी जांच शिविर में प्रातः 9 बजे से सायं 5.00 बजे तक जाकर अपना बीपी व शुगर निःशुल्क जांच करा सकते हैए जांच के दौरान पाये गये मरीजों को नजदीकी उच्च शासकीय संस्था में संदर्भित किया जायेगा। जहां उन्हे निःशुल्क उपचार एवं दवाईयां उपलब्ध कराई जाएगी।

# किक बाक्सिंग में रूचि रखने वाले बच्चों को दिया जा रहा निःशुल्क प्रशिक्षण

**कोरबा** । किक बाक्सिंग में कोरबा के खिलाड़ियों का हमेशा दबदबा रहा है। छत्तीसगढ़ में एक मात्र किक बाक्सिंग एकाडमी भी कोरबा शहर में ही संचालित है। इस खेल में रूचि रखने वाले बच्चों को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा। ओलंपिक में मान्यता मिलने के बाद किक बाक्सिंग के खिलाड़ी उत्साहित नजर आ रहे। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ी यहां तैयार हो रहे हैं। अकेले कोरबा जिले में किक बाक्सिंग के 13 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं, जो अलग-अलग अवसर पर अंतरराष्ट्रीय मेडल प्राप्त कर चुके हैं। एकेडमी के संचालक तारकेश मिश्रा छत्तीसगढ़ किक बाक्सिंग एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष हैं। इसका लाभ जिले के खिलाड़ियों को मिल रहा है। जिले में किक बाक्सिंग के ऐसे कई खिलाड़ी हैं, जिन्होंने स्कूल गेम्स के साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल हासिल किया है। कड़ी मेहनत कर रहे राष्ट्रीय गोल्ड मेडलिस्ट प्रभात साहू का कहना है कि इस खेल में मेरी बहुत रुचि है और मैंने राष्ट्रीय स्तर व स्कूल गेम्स को मिलाकर कई मेडल जीते हैं। पांच बार गोल्ड मेडल हासिल किया है। लेकिन दुख तब होता है जब उतना सपोर्ट नहीं मिलता। जितना क्रिकेट के खेल को राज्य व केंद्र सरकार जितना बढ़ावा दे रहीए उसके मुकाबले अन्य खेलों को उतना महत्व नहीं दिया जा रहा। किक बाक्सिंग के लिए यदि खिलाड़ियों को यदि प्रोत्साहित किया जाएगा, तो निश्चत ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर परिणाम सामने आएंगे। शहर के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मोहम्मद जुनेद आलम का कहना है कि मैंने नेपाल जाकर किक बाक्सिंग की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और गोल्ड मेडल हासिल किया। वहां पांच. छह देशों के खिलाड़ी आए थे। यहां भी कोरबा के खिलाड़ियों का दबदबा था। किक बाक्सिंग के खेल में थोड़ा विकास हो रहा है।

# सरगुजा कमिश्नर जीआर चुरेन्द्र ने विकास खंड स्तरीय ली समन्वय बैठक

पंचायती राज व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण और ग्राम सुराज की परिकल्पना को साकार करने के लिए कहा

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

सरगुजा कमिश्नर जीआर चुरेन्द्र ने विगत दिवस फरसाबहार के जनपद पंचायत सभाकक्ष में विकास खंड के जनप्रतिनिधि, सरपंच और बीडीसी की समीक्षा बैठक लेकर सुशासन पंचायती राज व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण ग्राम स्वराज, ग्राम सुराज की परिकल्पना को साकार करने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों को अपने अपने ग्राम पंचायतों को मजबूत करने के लिए सहयोग प्रदान करने के लिए आग्रह किया। उन्होंने कहा कि लोगों की मूलभूत आवश्यकताओं को गंभीरता से सुने और उनका समाधान भी करते जाएं आपसी समन्वय से गांव के विकास कार्य में सहभागी बने। उन्होंने कहा की गांव का विकास



होगा तो लोगों को रोजगार मिलेगा आर्थिक रूप से लोग मजबूत बनगे। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नरवा,घरवा,घुरूवा बाड़ी योजना गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, और अन्य योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कमिश्नर जीआर चुरेन्द्र ने गांव की स्व सहायता समूह की महिलाओं को गोठान में विभिन्न गतिविधियों करने के लिए साथ ही चारागाह, बाड़ी विकास, मछली पालन से अतिरिक्त आमदनी अर्जित करने की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी गई है।

उन्होंने गोठान में मछली पालन के ज्यादा से ज्यादा तालाब निर्माण कराने पर जोर दिया। साथ ही जल संरक्षण और संवर्धन के ग्राम पंचायतों में विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए हैं पंचायतों में ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने और नर्सरी तैयार करने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि गांव की सरकारी जमीन को अतिक्रमण होने से बचाएं और अतिक्रमण मुक्त करने का प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर फरसाबहार एसडीएम मोहम्मद शबाब खान और विकास खंड के अधिकारीगण और सरपंचगण उपस्थित थे।



# कलेक्टर ने ग्रामोद्योग बोर्ड के विभिन्न शाखाओं की विभागीय योजनाओं की प्रगति की ली समीक्षा बैठक

अधिकारियों को विभाग में संचालित योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में ग्रामोद्योग बोर्ड के विभिन्न शाखाओं की विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक ली। बैठक में कलेक्टर अग्रवाल ने हस्तशिल्प, रेशम, खादी, हथकरघा, माटीकला जैसे ग्रामोद्योग बोर्ड के विभिन्न घटकों के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति के सम्बंध में जानकारी ली। उन्होंने सभी अधिकारियों को विभाग में संचालित योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करने एवं लाभान्वित हितग्राहियों के आय में वृद्धि करने के लिए व्यक्तिगत रुचि लेकर कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही उनके उत्पादों का मूल्य संवर्धन कर उन्हें विक्रय के लिए बाजार उपलब्ध कराने के लिए कहा। इस हेतु हितग्राहियों को आवश्यक सुविधाएं उपकरण एवं प्रशिक्षण भी दिलाने की बात कही। इस दौरान कलेक्टर ने विभागीय



योजनाओं से लाभांवित हुए हितग्राहियों से उनके कार्यो एवं उनकी समस्याओं के सम्बंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन एवं जिला प्रशासन निरंतर लोगों की समस्याओं को दूर करने एवं उनकी आय में बढ़ोत्तरी करने हेतु कार्य कर रही है। साथ ही समाज के सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए योजना का संचालन कर रही है। कलेक्टर ने सभी हितग्राहियों को अपने कला कौशल को और निखारने एवं अच्छे से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया एवं उन्हें अनेक शासकीय योजनाओं के बारे में जानकारी देकर लाभ उठाने हेतु समझाईश भी दी। साथ ही कलेक्टर ने सभी हितग्राहियों के आवश्यक समस्याओं का यथाशीघ्र निराकरण करने एवं उनका कौशल विकास करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर वनमण्डलाधिकारी जितेन्द्र उपाध्याय, संयुक्त कलेक्टर योगेन्द्र श्रीवास, प्रबंधक हस्त शिल्प बोर्ड राजेन्द्र राजवाड़े, सहायक संचालक रेशम विभाग मनीष पवार, महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र एमएस पैंकरा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण एवं हितग्राही उपस्थित थे।

**हितग्राहियों के आय में वृद्धि के लिए सभी विभाग प्रमुख व्यक्तिगत रुचि लेकर करें कार्य - कलेक्टर**

# घर घुसकर कर चोरी करने वाले 2 आरोपी को रतनपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

घर में घुसकर चोरी करने वाले दो आरोपी को रतनपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार प्रार्थीया कृष्णा बाई कश्यप निवासी ग्राम गिधौरी थाना रतनपुर जो की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद पर कार्यरत है कि दिनांक 05अप्रैल 22 के दरमियानी रात घर के अंदर बेग में रखे 02 जोड़ी चांदी के पायल,1 सोने का लाकेट,01 सेमसंग मोबाईल,तथा नगदी रकम 30 हजार रूपये को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया हैं कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया दौराना विवेचना के चोरी गये मशरूका मय अज्ञात चोर की पतासाजी की गई जो सूचना प्राप्त हुई कि गांव का नशेड़ी बदमाश सूरज यादव घटना के बाद से फ रार है जिसकी पतसाजी की गई जो मिलने पर अभिरक्षा में लेकर सख्ती से पूछताछ करने पर अपने




साथियों के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया बताए अनुसार आरोपी किशन सारथी को तलब कर सख्ती से पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किये तथा दोनों के पास कुल नगदी रकम 10 हजार रूपये कब्जे से बरामद किया गया है एवम उनके अन्य साथी की तलाश की जा रही है जिनके पास बाकि चोरी के सामान है। गिरफ्तार आरोपियों को 29 मई 2022 को गिरफतार कर रिमांड पर भेजा गया। गिरफ्तार आरोपी,सूरज यादव पिता भरत लाल यादव उम्र 22 साल निवासी ग्राम गिधौरी थाना रतनपुर , किशन सारथी पिता जितेद्र सारथी उम्र 26 साल निवासी ग्राम गिधौरी थाना रतनपुर जिला बिलासपुर।

# संसदीय सचिव की पहल पर परसवानी में सप्ताह में एक दिन खुलेगी राशन दुकान

पूजा अर्चना के बाद हितग्राही को राशन वितरित कर किया राशन दुकान का शुभांरभ, ग्रामीणों में खुशी की लहर

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर की पहल पर ग्राम पंचायत कांपा के आश्रित ग्राम परसवानी में सप्ताह में एक दिन राशन दुकान खुलेगी। ग्रामीणों की मांग पर संसदीय सचिव चंद्राकर ने अधिकारियों का ध्यानाकर्षित कराया था। बाद इसके राशन दुकान संचालन के लिए हरी झंडी मिल गई। जिससे ग्रामीणों में खुशी की लहर है। यहां यह बताना लाजिमी होगा कि पिछले दिनों ग्राम परसवानी के ग्रामीणों ने मुलाकात कर गांव में राशन दुकान की व्यवस्था करने संसदीय सचिव चंद्राकर का ध्यानाकर्षित करते हुए बताया था कि उन्हें राशन के लिए कांपा जाना



पड़ता है। चूंकि राशन कार्ड महिलाओं के नाम पर हैं जिन्हें राशन लेने के लिए राशन दुकान पहुंचना आवश्यक होता है। ग्राम परसवानी के ग्रामीणों को राशन के लिए बिरकोनी होते कांपा जाना पड़ता है। इसके लिए उन्हें करीब सात किमी का रास्ता तय करना पड़ता है। जिससे उन्हें काफ ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिस पर संसदीय सचिव चंद्राकर ने तत्काल अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत कराते हुए परसवानी में सप्ताह में एक दिन राशन दुकान प्रारंभ कराए जाने ध्यानाकर्षित कराया। जिस पर इसके लिए अनुमति मिली। आज रविवार को संसदीय सचिव चंद्राकर ने पूजा.अर्चना कर हितग्राही को राशन सामान देकर राशन दुकान का शुभांरभ किया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य अमर अरूण चंद्राकर, जनपद सदस्य आरीन भागीरथी चंद्राकर, सरपंच गजानंद साहू, उपसरपंच ज्ञानदास बांधे, सचिव नारायण साहू, देवेंद्र चंद्राकर, जय पवार, कृष्णा साहू, पुरूषोत्तम साहू, पीतांबर साहू, यशवंत चंद्राकर, द्वारिका चंद्राकर, ओंकार चंद्राकर, सुरेंद्र दुबे, सन्नी टंडन, गणपत साहू, इदरीश खान, गणेश बंजारे, सीताराम विश्वकर्मा, भोला बंजारे, शत्रुघन साहू आदि।

# अखण्ड सौभाग्यवती व्रत वट सावित्री आज, जानें क्या है महत्व

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

**हिन्दू धर्म के अनुसार हर दिन का अलग-अलग महत्व है। वहीं तिथि विशेष अनुसार व्रत, त्यौहार मनाया जाता है। जैसे कि आज वट सावित्री व्रत है। हिंदू धर्म में वट सावित्री व्रत का विशेष महत्व है।**



इस बार यह त्यौहार सोमवारी अमावस्या के दिन पड़ने से विशेष संयोग बन रहा है। ज्योतिषों की माने तो ऐसा संयोग 30 साल बाद बन रहा है। इसके साथ सोमवारी अमावस्या के दिन सर्वार्थ सिद्धि योग व सुकर्मा योग भी बन रहा है। इस दिन महिलाएं अंखड सौभाग्यवती होने के लिए वट सावित्री का व्रत रखती हैं।

### आइए जानते हैं कब और कैसे वट सावित्री व्रत

वट सावित्री व्रत हर साल ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि को पड़ता है। इस बार अमावस्या तिथि 30 मई को है। महिलाएं वट सावित्री व्रत रख इस दिन वट वृक्ष की पूजा करती है। ऐसा माना जाता है कि जो महिलाएं इस दिन वट सावित्री व्रत रख कर विधि विधान से पूजा करती हैं। उन्हें अखंड सौभाग्य का फ्ल प्राप्त होता है। इस दिन व्रत रहने से पति को लंबी आयु प्राप्त होती है।

### वट सावित्री व्रत पूजा सामग्री

वट सावित्री व्रत रखने वाली महिलाएं वट वृक्ष की पूजा करने से पहले सावित्री-सत्यवान की प्रतिमा, लाल कलावा, कच्चा सूता, धूप-अगरबत्ती, मिट्टी का दीपक, घी, फ ल,रोली मिष्ठान, सवा मीटर कपड़ा, नारियल, पान, अक्षत, सिंदूर सहित अन्य सिंगार के समान की जरूरत होती है।

### वट सावित्री व्रत पूजा विधि

वट सावित्री व्रत रखने वाली महिलाएं स्नान करने के बाद वट वृक्ष के नीचे सावित्री और सत्यवान की मूर्ति रख कर विधि विधान से पूजा करें। इसके बाद वट वृक्ष पर जल चढ़ाएं, साथ ही कच्चे सूते से वट के वृक्ष में सात बार परिक्रमा करते हुए बांध दें। अब महिलाएं सावित्री.सत्यवान के प्रतिमा के सामने रोली, अक्षत, भीगे चने, कलावा, फू ल, फ ल अर्पित कर कथा सुनें।

## एसपी बेमेतरा ने किया थाना बेरला एवं चौकी कंडरका का परेड व वार्षिक निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह ने थाना बेरला एवं चौकी कंडरका का परेड व वार्षिक निरीक्षण किया। एसपी द्वारा परेड निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों का मनोबल बढाये जाने के साथ ही कानून व सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखते हुए बेहतर पुलिसिंग के बारे में निर्देश दिया गया। एसपी ने परेड निरीक्षण के दौरान पुलिस जवानो को हमेशा खुश रहने का टिप्स दिये व उनकी समस्याओं को सुनते हुए यथोचित निराकरण का आश्वासन दिये और साथ ही प्रतिदिन अपने कार्य के अनुसार अपने दैनिक दिनचर्या से समय निकाल कर खेल, योगा, व्यायाम एवं अन्य एक्टिविटी करने को कहा। तथा थाना की जप्ती माल, मालखाना, जप्ती रजिस्टर, जरायम, शिकायत, ड्युटी रजिस्टर, मुर्त रजिस्टर, थाना की अन्य रजिस्टर व तख्ती चेक किये। एवं थाना की साफ -सफ ाई हेतु विशेष ध्यान रखने तथा लंबित अपराधो, मर्ग, गुम, शिकायत और लंबित वारंटो की निकाल करने एवं असमाजिकतत्वों के विरूद्ध अधिक से अधिक प्रतिबंधात्मक एवं बाउंड ओवर की कार्यवाही करनेए सभी अधिकारी, कर्मचारी को ग्राम भ्रमण कर निगरानी बदमाश, माफ ी बदमाश, सजायाब, सस्पेक्ट को चेक करने व समस्त स्टाफ को ड्युटी के दौरान निर्धारित साफ सुथरी वर्दी धारण करने,अभिव्यक्ति, महिला सुरक्षा ऐप का प्रचार दृ प्रसार कर ऐप डाउनलोड कराने एवं नागरिकों में ट्रैफि क सेंस विकसित करने जागरूकता अभियान चलाने तथा थाना में रिपोर्ट करने आये महिला आगंतुक, रिपोर्टकर्ता से संयमित व्यवहार करने एवं उनकी रिपोर्ट को गंभीरता पुर्वक लेते हुये तत्काल उचित कार्यवाही करने निर्देश दिये गये। परेड व वार्षिक निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी बेरला तेजराम पटेल, उप निरीक्षक नासिर खान, सउनि कंवल सिंह नेताम, सउनि कमलेश पाल, सउनि दिनेश चंद शर्मा, एसपी रीडर सउनि विनोद शर्मा एवं थाना बेरला व चौकी कंडरका के अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दसवीं बोर्ड परीक्षा में सरस्वती शिशु मंदिर ने ब्लाक का बढ़ाया मान

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।






लंकेश्वरी बाल संस्कार समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय देवभोग का दसवीं बोर्ड की परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन रहा है। हालांकि परीक्षा परिणाम को लेकर सरस्वती शिशु मंदिर कभी भी अपना स्थान बनाने में पिछे नहीं रहता है। किन्तु इस वर्ष परीक्षा परिणाम में विद्यालय की छात्रा तृप्ती यदु ने 93.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर ब्लाक में प्रथम स्थान हासिल किया है वही छात्र प्रियांशु कुमार रावत और तुषार कुमार साहू ने 92.66 प्रतिशत अंक के साथ ब्लाक में द्वितीय स्थान रखा है इस बार ब्लाक में तृतीय स्थान भी इसी विद्यालय के तन्मय पांडे ने 92.33 प्रतिशत अंक रखकर हासिल कर लिया है।

### 48 छात्र प्रथम और 13 द्वितीय

सरस्वती शिशु मंदिर देवभोग के कक्षा दसवीं के कक्षा आचार्य लक्ष्मीनारायण कश्यप व ओमकालेश्वर ठाकुर ने जानकारी देते हुये बताया इस वर्ष परीक्षा में48 विद्यार्थी प्रथम और 13विद्यार्थी द्वितीय स्थान के साथ ब्लाक में गौरव प्राप्त कर लिया है। इस प्रकार इस विद्यालय का परिणाम 93.75 प्रतिशत रहा जो ब्लाकभर में एक बड़ा आंकड़ा है। विद्यालय की बड़ी सफ लत पर प्राचार्य नरेन्द्र साहू, प्रधानाचार्य मनोज रघुवंशी,सहित संचालन समिति के सदस्य सुधीर भाई पटेल, राजेश अग्रवाल, लक्ष्मीनारायण अवस्थी, सूर्यमन यादव,विजय मिश्रा, तस्मित पात्र रामकुमार नागेश,लक्ष्मीकांत बेहेरा,ने विद्यार्थीयों को बधाई दिया।

## जैन मुनियों की तस्वीर प्रसारित कर किया अपमानित, जैन समाज की आस्था हुई आहत

**कोरबा** । दिगम्बर जैन समाज के पांच महात्मा के कोरबा प्रवास के दौरान तस्वीरें खींच कर छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के अध्यक्ष ने फेसबुक पर अपलोड कर दिया। फेटो के साथ आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए दुष्प्रचार कर अपमानित शब्द का उपयोग किया गया। इससे जैन समाज की आस्था आहत हुई है। इस घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई गई है। पुलिस ने इस मामले में अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। जैन मिलन समिति के श्री दिगंबर जैन समाज की बुधवारी बाजार स्थित महावीर मंदिर में जैन समाज के पांच जैन मुनियों का आगमन 25 मई को हुआ था। सड़क मार्ग से पैदल जैन मुनि गुजर रहे थे। इस दौरान छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के अध्यक्ष जैनेन्द्र कुर्रे ने अपने मोबाइल से फेटो खींच ली और उसे इंटरनेट मीडिया में वायरल करते हुए अशोभनीय शब्दों का उपयोग किया। इस घटना की शिकायत जैन मिलन समिति के सदस्य जमनीपाली निवासी सुधीर जैन ने कोतवाली में लिखित आवेदन देकर की है।

## कमिश्नर जीआर चुरेन्द्र ने फरसाबहार तहसील कार्यालय का किया आकस्मिक निरीक्षण

लंबित आवेदन का निराकरण गंभीरता से करने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



सरगुजा कमिश्नर जीआर चुरेन्द्र ने विगत दिवस फरसाबहार के तहसील कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण करके राजस्व के लंबित और निराकृत आवेदन की जानकारी ली। उन्होंने ने राजस्व अधिकारियों को सीमांकन, बटाकन, नामांतरण, आरबीसी 6.4 के लंबित प्रकरणों की विस्तार से जानकारी ली और आवेदन का गंभीरता से लेकर निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि लोगों की छोटे-छोटे कार्य के लिए अनावश्यक ना भटका, उनकी समस्याओं का समाधान करे। इस अवसर पर फरसाबहार एसडीएम मोहम्मद शबाब खान और विकास खंड के अधिकारीगण उपस्थित थे।

## बेजा कब्जाधारी के भय से पालक बच्चों को नहीं भेजना चाहते स्कूल

जोहार छत्तीसगढ़-बसना।



महासमुंद जिले के ब्लॉक बसना ग्राम पंचायत करनापाली में ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत द्वारा शासकीय ठोस तरल अवशिष्ट भवन व सुलभ शौचालय व बगल में सूचना पटल बोर्ड बनाया गया था जो कि एक शासकीय भूमि है जिसे जागेश्वर पिता कांता प्रसाद के द्वारा जबरन सूचना बोर्ड की ऊपर व ठोस तरलभवन से सटाकर अवैध कब्जा किया गया है जिसकी वजह से स्कूल के आने जाने वाले बच्चों पर दुर्घटना होने का डर बना हुआ है।

जिसके कारण पालक गणों द्वारा अपने बच्चों को स्कूल भेजना नहीं चाह रहे हैं साथ ही साथ ग्रामीणों का यह भी कहना है की जागेश्वर पिता कांता प्रसाद जाति अघरिया जो अपने आप को एक पुलिस कर्मचारी बतना है लोगों को डरा धमकाया भी जाता है जिसकी शिकायत ग्रामीणों के द्वारा राजस्व विभाग मामले को लेकर अनुविभागीय अधिकारी सरायपाली व राजस्व विभाग तहसीलदार बसना,भंवरपुर चौकी को सूचना दी गई है जो कि 4 माह होने के उपरांत भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है जिसके कारण ग्रामीणों व महिलाओं में काफी आक्रोश देखने को मिल रहे हैं। उनका कहना है कि कार्यवाही ना होने पर धरना प्रदर्शन करने का फैसला लिया गया है।

## हौसला ने दिलाया दिनेश को दौड़ में स्वर्ण पदक

8 किलोमीटर रोज लगाता था दौड़ , रिकार्ड तोड़ने पर क्षेत्र में खुशी

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।




कहते हौसला पक्की हो तो मंजील आसान होता है। इस कहावत को सार्थक किया है देवभोग के घोघर के दिनेश कुमार यदु ने उत्तर प्रदेश के प्रमागराज में आयोजित छटवें राष्ट्रीय चैम्पीयनशीप के 100 मीटर दौड में दिनेश ने गोल्ड मेडल जीतकर क्षेत्र का मान बढ़ाया है।

दिनेश यदु के गोल्ड मेडल हासिल करने पर जहां क्षेत्रभर में खुशी है वही सोशल मीडिया पर उन्हें सभी बधाई दे रहे हैं। ग्राम घोघर जो एक ऐसा गांव जो विकास की बाट जोह रहा है ऐसे गांव में पला बढ़ा दिनेश ने अपने दृढ संकल्प और हौसले से भारत का रिकार्ड भी तोड़ दिया। देवभोग के गांव-गांव में ऐसी प्रतिभाएं छुपी हुयी है कि ऐसे प्रतिभाओं को बस उभारने की जरूरत है। दिनेश के बचपन के साथी घनश्याम सोनवानी सहित सरपंच व गोटिया बृजलाल पूर्व सरपंच धनसिंग मरकाम महेश्वर बघेल आदि ने दिनेश के सफ्लता पर बधाई दी है।

### दौड़ में घोघर का बेटा ने भारत का रिकार्ड तोड़ा

दिनेश ने 100 मीटर दौड में भारत के अब तक का रिकार्ड तोड दिया है इन्होनें सौ मीटर दौड़ को महज ही 10.25 सेकण्ड में पूराकर लिया। जबकि उसेन बोल्ट ने 2009 में 100 मीटर दौड़ में विश्व चैम्पीयनशीप मे 9.58 सैकण्ड में पूराकर खिताब जीता है। दिनेश का कहना है विश्व रिकिर्ड बनाने वो और भी कडी मेहनत करेगा।

### रोजाना आठ किमी की दौड़ बनी ट्रेनिंग

दिनेश को रोज सुबह गांव से आठ किमी की दौड़ लगाते सभी देखते थे और समझते थे किसी नौकरी के लिये अभ्यास कर रहा है पर जब राष्ट्रीय चैम्पीयनशीप में दौड़ के रिकार्ड तोड़कर स्वर्ण पदक हासिल कर लिया तो क्षेत्र के लोगों में भारी खुशी देखी गयी। दिनेश ने रोजाना दौड़ को अपना ट्रेनिंग बनाया और निरंतर दौड़ का अभ्यास कर अपने सपने को साकार किया है उसके इस सफलता पर परिजन भी खुश नजर आ रहे है।

### शासन स्तर पर कोच की जरूरत ये है परिजन की मांग

दिनेश के बड़े भाई तिरन यदु ने कहा अब तक बिना कोच के अपनी हौसला और कड़ी मेहनत के दम पर उसके भाई ने राष्ट्रीय चैम्पीयनशीप में रिकार्ड तोड़ जीत हासिल किया है। अब उसे आगे के रिकार्ड तोड़ने और भारत के गौरव बढ़ाने कोच की जरूरत है। जिसे शासन स्तर पर व्यवस्था की जानी चाहिये।

## एक नजर

### गांजे का अवैध परिवहन करते ओड़िशा के दो गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

सरायपाली पुलिस ने शनिवार को मुखबिर की सूचना पर पदमपुर रोड में घेराबंदी कर गांजे का अवैध परिहवन करने के आरोप में ओड़िशा के दो युवकों को पकड़ा है। आरोपियों से करीब 20 किलो गांजा बरामद कर नारकोटिक एक्ट तकी के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि उन्हें मुखबिर ने सूचना ने दी कि ओड़िशा से दो युवक बाइक से गांजा लेकर पदमपुर के रास्ते बसना की ओर जा रहे हैं। पुलिस ने सूचना पर पदमपुर रोड में खैरमाल मोड़ के पास घेराबंदी की और बाइक क्रमांक ओडी 03 एम 3468 से आ रहे दोनों युवकों को रोक लिया। पूछताछ में युवकों में से एक ने अपना नाम बलांगीर ओड़िशा निवासी किशन नंद पिता दीनबंधु 31 और दूसरे ने अपना नाम बलांगीर ओड़िशा आंवलाचुआ निवासी बालकृष्ण नाग पिता अंगनाथ 35 बताया। पुलिस ने जांच के दौरान उनके पास रखी बोरी की जांच की तो पुलिस को चार पैकेटों में करीब 20 किलो गांजा मिला। पुलिस ने बताया कि जब्त गांजे की कीमत 2 लाख रुपए है। आरोपियों से गांजे के अलावा परिवहन में प्रयुक्त बाइक और दो नग मोबाइल कीमत 15 हजार कुल 2 लाख 15 हजार को जब्त कर लेकर आई। नारकोटिक एक्ट 20 बी के तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया।

### चोरों के हौसले बुलंद, एक ही दिन में चार दुपहिया वाहन पार

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जिले के बसना और तुमगांव थाना क्षेत्र में एक ही दिन में बाइक चोरी के चार मामले दर्ज हुए हैं। इसमें एक मामला तुमगांव में वहीं तीन मामले बसना थाना में दर्ज किया गया है। तुमगांव पुलिस के मुताबिक भलेसर निवासी कमलनारायण ओगरे 27 ने शिकायत दर्ज कराई है कि उनकी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमयू 1993 को बीते 13 मई को अछोला महानदी बैराज के पास खड़ी की थी जिसे अज्ञात ने पार कर दी। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफधारा 379 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है। इधरए बसना थाना क्षेत्र के ग्राम लीमदरहा निवासी दुखीराम नायक 42 ने बताया कि बाइक क्रमांक सीजी 06 जीएन 4520 को बीते 24 मई को घर के बरामदे में खड़ी किया था। जिसे अज्ञात ने पार कर दी। पुलिस ने उनकी शिकायत पर अज्ञात के खिलाफधारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है। वहीं बसना थाना क्षेत्र के ग्राम तरेकेल निवासी छत्रपाल बरिहा 43, ने शिकायत दर्ज कराई है कि उनकी बाइक क्रमांक सीजी 06 सीसी 4050 बीते 16 मई को घर के बाहर खड़ी थी। जिसे अज्ञात ने चोरी कर ली। छोटे लोरम निवासी विश्मभर यादव 30 ने पुलिस को बताया कि उनकी बाइक क्रमांक सीजी 04 केडी 1603 ग्राम मनकी से अज्ञात ने चोरी कर ली। पुलिस ने इन दोनों मामले में अज्ञात के खिलाफ धारा 379 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है।

### ट्रक और बाइक में टक्कर तीन गंभीर

**नारायणपुर** । आमदई खदान से लौह अयस्क भरकर आ रही ट्रक ने छोटेडोंगर पुलिस थाने के सामने चौराहे पर मोटर साइकिल सवार तीन ग्रामीणों को जोरदार ठोकर मार दी, इससे तीनों गंभीर रूप घायल हो गए। इस दुर्घटना के बाद आसपास के लोगों ने तीनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीण आसमन, सुकधर व एक अज्ञात व्यक्ति रेंगागोदी से छोटेडोंगर आ रहे थे। जैसे ही वे पुलिस थाने के पास पहुंचे तभी ट्रक क्रमांक बीजी 21 एफ 8555 ने बाइक को सामने से जोरदार ठोकर मार दी। इससे मोटर साइकिल में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका उपचार जारी है।

### पिता की अंतिम इच्छा पूरी करने बेटियों ने दी चिता को मुखाग्नि

**कोरबा** । आमतौर पर समाज में यह रूढ़िवादी परंपरा आज भी व्याप्त है कि पिता के चिता को बेटा ही मुखाग्नि देगा। इस पुरातन पंथी विचार धारा के बंधन को तोड़ते हुए तीन में से दो बहनों ने बेटा बन कर अपने दिवंगत पिता का अंतिम संस्कार किया। हिम्मतवाली बेटियों को फर्ज निभाते देख मुक्तिधाम पहुंचे लोगों की आंखे नम हो गई।

सीतामढ़ी निवासी गुजराती पाटीदार समाज के जितेंद्र रामजी भाई पटेल लंबे समय से अस्वस्थ थे। इलाज के दौरान शुक्रवार को रायपुर के निजी अस्पताल में उनका देहांत हो गया। जब उनका पार्थिव शरीर घर लाया गया तब लोगों में यह कौतूहल बना हुआ था कि आखिर दिवंगन पटेल की चिता को मुखाग्नि कौन देगा। दरअसल जितेंद्र सीतामढ़ी में निवासरत थे। जहां उनका छोटा सा व्यवसाय है। जितेंद्र काफी समय से बीमार थे जितेंद्र की तीन बेटियां हैं। बड़ी बेटी अंजली की शादी रायपुर में हो चुकी है। दूसरी बेटी गुंजन महाविद्यालय द्वितीय वर्ष की छात्रा है। सबसे छोटी बेटी हरसिद्धि सातवीं कक्षा में अध्ययनरत है।

## इशिता दत्ता ने दृश्यम 2 के लिए गोवा में शूटिंग शुरू की



अजय देवगन, श्रिया सरन और तब्बू के साथ एक्ट्रेस इशिता दत्ता की फिल्म दृश्यम जहां सुपरहिट रही वहीं हम सभी को इसके सीक्वल का बेसब्री से इंतजार था। खैर, दृश्यम 2 पहले से ही बन रहा है और हम शांत नहीं रह सकते। हम इसके पूरा होने और जल्द ही रिलीज होने का इंतजार नहीं कर सकते। इशिता दत्ता ने गोवा में अपने हिस्से की शूटिंग पहले ही शुरू कर दी है। अभिनेत्री ने शूटिंग शुरू कर दी और ऐसा लग रहा है कि वह फिल्म के सेट पर एक खुशहाल जगह पर हैं।

दृश्यम 2 के बारे में बात करते हुए, इशिता कहती हैं, दृश्यम को जो प्रतिक्रिया मिली, वह आज भी मुझे आनंदित करती है। और सभी के साथ सेट पर शूटिंग पर वापस आना बहुत अच्छा लगता है, बहुत सारी यादें ताज़ा हो गई हैं। मैं इस फिल्म के लिए बहुत उत्साहित हूं। दृश्यम 2 बड़े पर्दे पर देखने के लिए एक साहसिक सवारी होने जा रही है। फिल्म अभिषेक पाठक द्वारा निर्देशित और भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक द्वारा निर्मित है।

## श्वेता तिवारी के साथ जादो मैं तेरे कोल सी में काम करके खुश है सौरभ राज जैन

अभिनेता सौरभ राज जैन हाल ही में रिलीज हुए रोमांटिक ट्रैक जादो मैं तेरे कोल सी में श्वेता तिवारी के साथ नजर आ रहे हैं। उन्होंने लोकप्रिय अभिनेत्री श्वेता तिवारी के साथ शूटिंग का अपना अनुभव साझा किया। सौरभ कहते हैं कि जब मैंने पहली बार गाने को सुना तो मुझे बहुत अच्छा लगा। श्वेता जी के साथ काम करना एक शानदार अनुभव था। मुझे यह पसंद है कि यह गाना हम सभी के लिए कितना प्रासंगिक है जो हमारे दैनिक जीवन में फंस गए हैं और इतना काम करते हैं कि हम रिश्तों और अपने साथी को महत्व देना भूल जाते हैं।

## उल्का गुप्ता नए शो बन्नी चाउ होम डिलीवरी में हुई शामिल

टेलीविजन शो झांसी की रानी में अपनी भूमिका के लिए जानी जाने वाली अभिनेत्री उल्का गुप्ता को नए शो बन्नी चाउ होम डिलीवरी के लिए साइन किया गया है। यह शो एक मजबूत और उग्र लड़की, बन्नी की यात्रा के बारे में है, जो एक खाद्य वितरण व्यवसाय चलाती है, जहां वह उन लोगों के लिए घर का खाना बनाती है जो नौकरी की तलाश में शहर चले गए हैं।



आपको बता दे छह साल के अंतराल के बाद उल्का पर्दे पर वापसी कर रही हैं। छोटे पर्दे पर अपनी वापसी के बारे में बात करते हुए उल्का कहती हैं, यह एक पूरी तरह से प्राकृतिक प्रक्रिया थी जिसके साथ मैंने खुद को बहने दिया। बॉलीवुड और डाउन साउथ में कुछ फिल्में करने के बाद, बन्नी चाउ होम डिलीवरी सही अवसरों में से एक थी। मैंने इसके साथ वापसी करने का फैसला किया।

उन्होंने निष्कर्ष निकाला, मेरे ग्राफ और अनुभव को ध्यान में रखते हुए, बन्नी एक ऐसी चुनौतीपूर्ण भूमिका है जिसे मैं अपने प्रशंसकों के लिए निभाना चाहूंगी। उल्का को प्रविष्ट मिश्रा के साथ कास्ट किया गया है, जो युवान नामक एक विकलांग चरित्र की भूमिका निभाएगा। बन्नी चाउ होम डिलीवरी 30 मई से हर सोमवार से शनिवार रात 9 बजे शुरू हो रही है। स्टार प्लस पर।

## व्हाइट ड्रेस में हुमा कुरैशी ने बढ़ाया सोशल मीडिया का पारा



बॉलीवुड में अपने बेहतरीन और बेबाक अभिनय के लिए मशहूर एक्ट्रेस हुमा कुरैशी इन दिनों मेकर्स की पहली पसंद बनी हुई हैं और वह अपना नाम इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेसेस की लिस्ट में दर्ज करवा चुकी हैं। उन्होंने ने अपनी एक्टिंग से तो करोड़ों दर्शकों का दिल जीता ही है, साथ ही इन दिनों वह अपने ट्रेडिशनल लुक से लोगों को दीवाना कर रही हैं।


हुमा कुरैशी ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर व्हाईट वन पीस ड्रेस में अपनी खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में हुमा कुरैशी का अंदाज देख फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। हुमा कुरैशी ने वेस्टर्न इयरिंग के साथ अपने लुक को सिंपल और स्टाइलिश रखा है। इसके साथ ही उन्होंने अपने सिल्की बालों को खुला रखा है। हुमा कुरैशी ने अपनी प्यारी सी मुस्कान से फैंस के दिलों की धड़कने बढ़ा दी हैं।

हुमा कुरैशी ने हर फोटो में अलग-अलग अंदाज में पोज दिए हैं। कभी चेहरे पर बड़ी सी स्माइल लिये हैं, तो कभी फुल ऑन एटिट्यूड दिख रहा है।

आपको बता दें कि हुमा सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं। वह हर दिन अपनी एक से बढ़कर एक तस्वीरें शेयर कर लोगों को इंप्रेस कर ही लेती हैं। हुमा एक बार फिर से अपने लेटेस्ट फोटोशूट के कारण सुर्खियां बटोरती नजर आ रही हैं।

## रोजाना रात को सोने से पहले करें ये ब्रीथिंग एक्सरसाइज, आएगी बेहतर नींद

नींद हमारे स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि चैन की नींद सोने से शरीर तरोताजा महसूस करता है और इससे कई अन्य स्वास्थ्य लाभ भी मिलते हैं। इसके विपरीत अगर किसी कारणवश नींद ठीक से पूरी न हो पाए तो शरीर कई बीमारियों से घिर सकता है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसी ब्रीथिंग एक्सरसाइज के बारे में बताते हैं, जिन्हें रात को सोने से पहले कुछ मिनट करने से आपको बेहतर नींद मिल सकती है।



### लिप ब्रीथिंग एक्सरसाइज

इस एक्सरसाइज को अगर आप रात को सोने से पहले कुछ मिनट अपने बिस्तर पर किसी भी आरामदायक मुद्रा में बैठकर करते हैं तो यकीनन यह जल्दी असर करेगी और आपको बेहतर नींद आएगी। लिप ब्रीथिंग करने के लिए नाक से सामान्य तरीके से सांस लें। इसके बाद होंठों से सांस को इस तरह धीरे-धीरे छोड़ें जैसे केक पर लगी मोमबत्तियों को बुझाने के लिए फूंक मारी जाती है। इस क्रम को आप पांच से छह बार दोहरा सकते हैं।

### डायाफामिक ब्रीथिंग

इस एक्सरसाइज के लिए किसी समतल और शांत जगह पर सीधे बैठ जाएं या फिर बिस्तर पर पीठ के बल लेट जाएं। अब अपना एक हाथ सीने पर और दूसरा पेट पर रखें।

## गर्मियों के दौरान रूखी त्वचा का ख्याल रखने के लिए अपनाएं ये टिप्स

गर्मी का मौसम किसी भी त्वचा के प्रकार के लिए सही नहीं है, फिर चाहें वह तैलीय त्वचा हो या रूखी त्वचा। गर्मियों के दौरान चलने वाली गर्म हवा त्वचा को शुष्क, कमजोर और परतदार बना सकती है। वहीं, पसीने के कारण त्वचा पर मुंहासें जैसी कई समस्याएं होने लगती हैं। आइए आज हम आपको कुछ ऐसी टिप्स देते हैं, जिन्हें अपनाकर आप गर्मियों के दौरान अपनी रूखी त्वचा का बेहतर तरीके से ध्यान रख सकते हैं।



अपनी त्वचा को हमेशा मॉइश्चराइज करें

मॉइश्चराइजिंग स्किन केयर रूटीन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। फिर चाहें मौसम गर्मी का हो या कोई और, इसका पालन करना बेहद ही जरूरी हो जाता है ताकि गर्मियों के दौरान त्वचा को रूखेपन की समस्या का सामना न करना पड़े। आप चाहें तो त्वचा को मॉइश्चराइजिंग करने के लिए केमिकल युक्त क्रीम और लोशन की बजाय घी, जैतून का तेल और नारियल का तेल जैसे प्राकृतिक मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### एक्सफोलिएशन और हाइड्रेटिंग मास्क है जरूरी

मॉइश्चराइजिंग के साथ समय-समय पर त्वचा को एक्सफोलिएट करना जरूरी है क्योंकि इसकी मदद से रूखी परतदार त्वचा और डेड स्किन सेल्स से छुटकारा मिलता है। एक्सफोलिएशन भले ही आप घर पर बने स्क्रब से करें या फिर अपने लिए कोई माइल्ड स्क्रब क्रीम बाजार से ले आएं, लेकिन आपको हल्के हाथों से यह काम करना है। इसके अतिरिक्त, हफ्ते में दो बार हाइड्रेटिंग मास्क का इस्तेमाल भी जरूर करें।

### सनस्क्रीन का इस्तेमाल करना भी है महत्वपूर्ण

भले ही आपकी त्वचा किसी भी प्रकार की हो, आपके लिए सनस्क्रीन लगाना जरूरी है। सनस्क्रीन त्वचा को हाइड्रेट करने के साथ ही सूरज की हानिकारक ङ्क किरणों से बचाकर रखने में काफी मदद कर सकती है, इसलिए रोजाना सीमित मात्रा में एक बार अपने चेहरे पर मेकअप करने से पहले सनस्क्रीन जरूर लगाएं। अगर आप घर से बाहर हैं तो अपने चेहरे पर हर दो से तीन घंटे बाद सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें।



खिलाड़ियों की शहादत

## रूस के खिलाफ लड़ते हुए अब तक 50 यूक्रेनी एथलीट की मौत, अभी भी कई मैदान में डटे

**कीव।** रूसी हमले के बाद से यूक्रेन की बड़ी आबादी में मारी गई है। युद्ध के इतने समय बाद भी रूस यूक्रेन पर लगातार हमला कर रहा है। रूसी हमले की इस आग में अब आम नागरिकों ही नहीं बल्कि स्पोर्ट्स पर्सन भी मारे जा रहे हैं। यूक्रेन के यूथ और स्पोर्ट्स मिनिस्टर वादिम गुटज़ितो ने रविवार को कहा- 'हमारी धरती को रूस से बचाते हुए हमने 50 से ज्यादा एथलीट शहीद हो गए हैं।'




### खिलाड़ियों की शहादत को प्रणाम

गुटज़ितो ने अपने बयान में आगे कहा-मरने वाले सभी एथलीट यूक्रेन के लिए अलग-अलग स्पोर्ट्स खेलते थे। जिनमें से कई इंटरनेशनल लेवल पर यूक्रेन के लिए खेल चुके थे। इन खिलाड़ियों की मौत के बावजूद आज भी कई एथलीट सेना में काम कर रहे हैं। हम हर एक एथलीट की शहादत को नमन करते और उनकी आत्मा की शांति के प्रार्थना करते हैं।

गुटज़ितो के मुताबिक- खिलाड़ी अभी सेना में काम करने के साथ इंटरनेशनल लेवल कॉम्पिटिशन की तैयारी कर रहे हैं।

### शहादत के बाद भी खिलाड़ियों का हौसला कम नहीं

खिलाड़ियों की शहादत के बाद भी दूसरे एथलीट का हौसला कम नहीं हुई है। गुटज़ितो ने बताया कि कई खिलाड़ी अभी सेना में काम कर रहे हैं। साथ ही इंटरनेशनल लेवल कॉम्पिटिशन की तैयारी कर रहे हैं। आज अधिकतर खेलों में ट्रेनिंग के लिए कोई खास सुविधा नहीं रह गई है।

लेकिन फिर भी हमारे खिलाड़ी जी जान से यूरोपीय चैंपियनशिप और ओलिंपिक 2024 की तैयारी में जुटे हुए हैं। हमारे कई खिलाड़ी यूक्रेन में ही तैयारी कर रहे हैं, तो कुछ विदेशों में ट्रेनिंग ले रहे हैं। उन्होंने आगे कहा हमने एक प्रस्ताव पास किया है, इसमें हर एथलीट को डॉक्टर, मालिश करने वाले लोग और हाई-प्रोफाइल कोच देने की गारंटी दी गई है।

## लात-घूंसों से क्रिकेटर शिखर धवन की पिटाई, वीडियो वायरल



**नई दिल्ली ।** भारत के दिग्गज ओपनर बल्लेबाज शिखर धवन इन दिनों सोशल मीडिया पर छाए हुए है। वहीं आईपीएल से बाहर होने के बाद धवन ने अपने घर का एक वीडियो शेयर किया है जिसमें उनकी लात घूसों से पिटाई की जा रही है। वीडियो वायरल होने के बाद धवन के फैंस डर गए और उनसे पूछने लगे कि आखिर क्यों उनकी पिटाई की जा रही है। दरअसल इस वीडियों में उनकी लात घूसों से पिटाई करते हुए शख्स कोई और नहीं उनके पिताजी हैं। वे मजाकिया अंदाज में एक्टिंग करते हुए उनके प्लेऑफ से पहले बाहर हो जाने के लिए चलते पिटाई करने की एक्टिंग कर रहे हैं। उनकी एक्टिंग देखकर हरभजन सिंह ने इंस्टाग्राम पर कॉमेंट लिखा कि बापू तो तेरे से भी ऊपर के एक्टर निकले, वाह क्या बात है।

हार्दिक के नाम 453 रन और 5 विकेट

## ऑरेंज कैप होल्डर बटलर भी दिला सकते हैं पॉइंट्स

**अहमदाबाद।** आज IPL 2022 की आखिरी फैंटेसी गाइड आपके सामने है। हमें यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि लगभग 90त्न मुकाबलों में हमारी फैंटेसी टीम प्रिडिक्शन सटीक रही। आगे टीम इंडिया के मुकाबलों में भी फैंटेसी गाइड का सिलसिला यूं ही बरकरार रहेगा।




आज IPL 15 का फाइनल मुकाबला गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेला जाएगा। यह मैच रात 8 बजे से अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शुरू होगा। क्वालिफायर 1 में राजस्थान को हरा कर गुजरात ने फाइनल में जगह बनाई थी। तो वहीं, राजस्थान ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को क्वालिफायर 2 में शिकस्त देकर फाइनल में एंट्री की है। दोनों ही टीमों में पावर हिटर बल्लेबाज और शानदार गेंदबाज मौजूद हैं, ऐसे में मुकाबला कांटे का होने की पूरी उम्मीद है। बड़े मुकाबले से पहले आइए आपको बताते हैं, किन खिलाड़ियों को फैंटेसी टीम में रखने से अधिक पॉइंट्स जीत सकते हैं।

## हरियाणा, एसएसीबी ने पहना सब जूनियर राष्ट्रीय मुक्केबाजी का ताज

**बेल्लारी ।** सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (एसएससीबी) और हरियाणा के मुक्केबाजों ने कर्नाटक के बेल्लारी स्थित इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स (आईएसएस) में आयोजित 2022 सब-जूनियर गर्ल्स एंड बॉयज नेशनल बाक्सिंग चैम्पियनशिप में क्रमश: लड़कों और लड़कियों के वर्ग के टीम चैंपियनशिप का खिताब जीतकर एक बार फिर भारतीय मुक्केबाजी में अपना दबदबा कायम किया।



राष्ट्रीय एलीट वर्ग के पुरुष चैंपियन एसएससीबी के मुक्केबाजों ने प्रतियोगिता के अंतिम दिन सनसनीखेज प्रदर्शन किया। उसके सभी नौ मुक्केबाज ने एकतरफा जीत के साथ अपनी टीम को 73 अंक दिलाए और उसे लड़कों की टीम चैंपियनशिप ट्रॉफी हासिल करने में मदद की। इस टीम ने कुल 10 पदक जीते, जिनमें 9 स्वर्ण और एक कांस्य है।

आकाश बधवार एसएससीबी मुक्केबाजों में सबसे प्रभावशाली रहे। उन्होंने लड़कों के 40 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में हरियाणा के विनीत कुमार को हराकर स्वर्ण पदक जीता। पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए आकाश को सर्वश्रेष्ठ बॉक्सर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### एक नजर

## फर्नांडो का कहर, श्रीलंका ने बांग्लादेश को 10 विकेट से रौंदा

**ढाका ।** तेज गेंदबाज असिथा फर्नांडो (6/51) की घातक गेंदबाजी से श्रीलंका ने बांग्लादेश को दूसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच के पांचवें और अंतिम दिन 10 विकेट से रौंदकर सीरीज 1-0 से जीत ली। फर्नांडो ने बांग्लादेश की बल्लेबाजी को ध्वस्त करते हुए दूसरी पारी में 51 रन पर छह विकेट लिए। उन्होंने मैच में 144 रन देकर कुल 10 विकेट हासिल किये और श्रीलंका की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। सुबह के सत्र में लिटन दास और शाकिब अल हसन ने 97 रन की साझेदारी कर बांग्लादेश को पारी की हार से बचाया लेकिन टीम की हार नहीं टाल सके। फर्नांडो ने अपनी गेंद पर शानदार रिटर्न कैच लेकर लिटन की पारी का अंत किया। लिटन ने 52 रन बनाये। शाकिब 72 गेंदों में 58 रन बनाकर जल्दी पवेलियन लौट गए। बांग्लादेश ने आखिरी तीन विकेट स्कोर में कोई इजाफा किये बिना गंवा दिए। बांग्लादेश की दूसरी पारी 169 रन पर सिमट गयी और श्रीलंका को जीत के लिए मात्र 29 रन का लक्ष्य मिला जो उसने तीन ओवर में बिना कोई विकेट खोये हासिल कर लिया।



## इंडियन ओपन सर्फिंग के तीसरे संस्करण का हुआ उद्घाटन


**मंगलुरु ।** मंगलुरु के खूबसूरत बीच पनम्बुर पर इंडियन ओपन सर्फिंग के तीसरे संस्करण की शुरुआत हो गयी। तीन दिवसीय प्रमुख सर्फिंग प्रतियोगिता सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया की आधिकारिक राष्ट्रीय चैंपियनशिप है। चेन्नई के ग्रोम्स सर्फर, किशोर कुमार ने परीक्षण परिस्थितियों में अपने प्रदर्शन से सभी को चौंका दिया। 14.50 के टॉप स्कोर के साथ उन्होंने सेमीफाइनल में जगह बनाई। जजों द्वारा टॉप स्कोर प्राप्त करने वाले अन्य सर्फर, मणिकंदन डी (12.6), रमेश बुधियाल (12.33), सूर्या पी (11.9), सतीश सरवनन (11.9) और अजेश अली (11.66) थे। पहले दिन के राउंड में तमिलनाडु के सर्फर्स ने मेन्स ओपन और ग्रोम्स (अंडर16) दोनों श्रेणियों में दूसरे सर्फरों पर हावी रहे ।

## थॉमस कप जीतने वाली बैडमिंटन टीम के कोच विजयदीप को डीसी ने किया सम्मानित

**जालंधर ।** पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं 73 सालों में पहली बार थॉमस कप जीतने वाली भारतीय बैडमिंटन टीम के कोच विजय दीप सिंह शनिवार को विशेष तौर पर जालंधर पहुंचे। इस दौरान डीबीए,जालंधर के प्रधान घनश्याम थोरी ने विजयदीप को सम्मानित किया और भारतीय बैडमिंटन जगत में उनके अतुलनीय योगदान के लिए उनकी प्रशंसा की। डीसी घनश्याम थोरी ने कहा कि थॉमस कप की विजेता टीम ने पूरे विश्व में भारतीय बैडमिंटन की धाक जमाई है। इसका श्रेय कोच विजय दीप की बेहतरीन कोचिंग और खिलाडियों की मेहनत को जाता है।उन्होंने कहा कि भारतीय बैडमिंटन टीम ने थॉमस कप जीत कर इतिहास रचा है।

बहीगांव में भाजपा का विधान सभा सम्मेलन सम्पन्न

# सैकड़ों युवाओं ने किया भाजपा प्रवेश





**फरसगांव।** विधान सभा केशकाल के अंतर्गत ग्राम बहीगांव में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा विधान सभा सम्मेलन का आयोजन किया गया विधान सभा सम्मेलन की शुरुवात युवा मोर्चा के द्वारा नेशनल हाइवे 30 ग्राम बेडमा से कार्यक्रम स्थल दुर्गा मंच बहीगांव बाईक रैली निकालकर स्वागत किया गया विधान सभा सम्मेलन में पधारे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय, बस्तर संभाग प्रभारी शिवरतन शर्मा, कांकेर सांसद मोहन मंडावी, राष्टीय कार्यसमिति सदस्य सुश्री लता उसेंडी, राष्टीय कोषाध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा दिनेश कश्यप, प्रदेश प्रवक्ता केदार कश्यप एवं जिला कोंडागांव प्रभारी प्रफुल्ल विश्वकर्मा, बस्तर राजा कलम चन्दभंज देव का भाजपा जिला व मंडल पदाधिकारियो के द्वारा माला पहना कर स्वागत किया गया तदपश्चात केशकाल मण्डल और बड़ेडोंगर मण्डल के युवाओं को अतिथियों के द्वारा माला व गमछा पहनाकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई गई वही भाजपा के वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में कहा की एक ओर प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बधेल विधान सभा का दौरा कर जन चौपाल लगा रहे है और जनता से रूबरू हो रहे है वही दूसरी ओर बहीगांव में आयोजित भाजपा के विधान सभा सम्मेलन में सैकड़ो लोग भाजपा में प्रवेश कर रहे है जिसे देख प्रतीत होता है की कांग्रेस कही ना कही कमजोर हो रही है साथ मुख्यमंत्री कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता लोगो को और सरकारी कर्मचारियों द्वारा सीखा पढाकर लाये गये लोगो को खड़ा कर सरकार की तारीफ की जाती है जो स्पस्ट दिखाई दे रहा है प्रदेश की कांग्रेस सरकार कमजोर दिखाई पड़ रही है अतिथियों ने भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश भरा और भाजपा में प्रवेश करने वालो को बधाई दी और विधान सभा चुनाव में वर्तमान सरकार को उखाड़ फेंकने का मत्र दिया इस दौरान कोंडागांव भाजपा के प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, केशकाल मंडल, फरसगांव मण्डल व विश्रामपुरी मण्डल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्तिथ रहे ।

## मुख्यमंत्री के निर्देश का त्वरित अमल

छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए संसदीय सचिव श्री रेखचंद जैन ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना





**जगदलपुर ।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के प्रदेशव्यापी भेंट मुलाक़ात कार्यक्रम के दौरान दिए निर्देशों का जिला प्रशासन के द्वारा त्वरित अमल किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के जगदलपुर प्रवास में स्वामी आत्मानंद अंग्रेज़ी माध्यम स्कूल का निरीक्षण के दौरान बच्चों से स्वामी आत्मानंद के बारे में जानकारी ली और छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण करवाने के निर्देश अधिकारियों को दिए थे। मुख्यमंत्री के निर्देश का पालन करते हुए स्वामी आत्मानंद स्कूल के बच्चों को आज शैक्षणिक भ्रमण हेतु नारायणपुर जिला स्थित स्वामी विवेकानंद आश्रम और अन्य स्थल के लिए रवाना किया गया। भ्रमण के लिए जा रहे छात्रों को संसदीय सचिव श्री रेखचंद जैन और सीईओ जिला पंचायत श्री रोहित व्यास ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किए। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान, स्वामी आत्मानंद अंग्रेज़ी माध्यम स्कूल के प्राचार्य सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए जिले में 30 मई से लगाए जाएंगे शिविर

**धमतरी ।** कलेक्टर श्री पी.एस.एल्मा के निर्देशानुसार जिले के प्रत्येक हल्कों में राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए 30 मई से राजस्व शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिले के छः तहसीलों में कुल 134 शिविर लगाए जाएंगे, इनमें नगरी तहसील में 41, कुरूद में 34, धमतरी में 22, मगरलोड में 15, भखारा में 13 और कुकरेल तहसील में 09 राजस्व शिविर शामिल हैं। इन शिविरों में नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, व्यपवर्तन, किसान किताब, जाति, आय, निवास, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र सहित राशनकार्ड जारी किया जाएगा।

## अंतरराष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता दिवस पर किशोरी बालिकाओं को किया गया जागरूक

गौरेला पेंड्रा मरवाही । अंतरराष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता एवं प्रबंधन दिवस पर आज शासकीय कन्या माध्यमिक शाला भर्रापारा पेंड्रा में कार्यक्रम आयोजित किया गया।



कार्यक्रम में मेहंदी, रंगोली एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा माहवारी स्वच्छता पर आधारित वीडियो एवं विशेषज्ञों द्वारा महिलाओं खासकर किशोरी बालिकाओं को माहवारी स्वच्छता के संबंध में जानकारी प्रदान कर उन्हें जागरूक किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अर्चना झा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीलू घृतलहरे एवं भानू मैडम ने माहवारी स्वच्छता पर जानकारी दी और उन्हें जागरूक किया।

इसका आयोजन जिला प्रशासन के सहयोग से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष पेंड्रा श्री राकेश जालान, जनपद पंचायत अध्यक्ष गौरेला सुश्री ममता पैकरा जिला पंचायत (डीआरडीए) के परियोजना निदेशक श्री आर के खूंटे, जिला एवं महिला बाल विकास अधिकारी श्री अतुल परिहार सहित अनेक गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में महिलाएं एवं किशोरी बालिकाएं उपस्थित थीं। उल्लेखनीय है कि हर साल 28 मई का दिन दुनियाभर में मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित पीरियड्स के फायदों से अवगत कराने के साथ ही इसके बारे में खुलकर बात करने को बढ़ावा देना है।

## राजनांदगाँव के विद्यार्थी एवं शिक्षकों ने नारायणपुर आश्रम का किया शैक्षिक भ्रमण

**छुरिया।** पिछले दिनों राजनांदगाँव के शिक्षकों एवम विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में स्थित स्वामी विवेकानन्द आश्रम का शैक्षिक भ्रमण किया। श्री धनेश सिन्हा के नेतृत्व में भ्रमण दल ने संस्था के प्राचार्य स्वामी श्री कृष्मामृतानन्द महाराज जी से सौजन्य मुलाकात कर वहाँ के शिक्षा व्यवस्था को जानने का प्रयास किया। विद्यार्थियों से मिलकर एवम शिक्षण व्यवस्था की डॉक्यूमेंट्री को देखने के पश्चात शैक्षिक दल इस नतीजे पर पहुंचा की आश्रम के समस्त शिक्षकगण एवम प्राचार्य रात दिन के कठिन मेहनत और परिश्रम से सुदूर वनांचल और बीहड़ क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगा रहे हैं। कम संसाधन में बेहतरीन शिक्षा और अनुशासन एवम उत्तम व्यवस्था तो कोई



छत्तीसगढ़ के नारायणपुर के स्वामी विवेकानन्द आश्रम से सीखे। वहां की सुचारू व्यवस्था, शिक्षकों का कठिन परिश्रम, प्राचार्य का कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन को समीप से देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। आश्रम में विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ उच्च संस्कार एवम संस्कृति का भी ज्ञान प्रदान किया जाता है।

वर्तमान समय की चुनौतियों को देखते हुए विद्यार्थियों को स्किल डेवलपमेंट की भी शिक्षा वृहत स्तर पर प्रदान की जा रही है।प्राचार्य स्वामी श्री कृष्मामृतानन्द जी महाराज जी रात दिन के कठिन एवम अनवरत प्रयास से अपने विद्यार्थियों का जीवन संवार रहे है।ऐसे तपोबल और यज्ञ भूमि को सादर नमन है। इस शैक्षिक भ्रमण में भाग लेने वालों में श्री कौशल राम चन्द्रवँशी, श्री खोरबाहरा राम साहू, श्री हेमराज सहारे, श्री नरोत्तम उर्वाशा, श्री खुमेश चन्द्रवँशी, कु.पूजा देवांगन, कु. आस्था सिन्हा,श्री धनेश सिन्हा प्रमुख थे।

## स्वामी आत्मानन्द स्कूल छुरिया मे रेसिपी क्लास का आयोजन

छुरिया। मैदान मे उतरे बिना किसी खेल विशेष में पारंगत नही हुआ जा सकता इसी उक्ति को ध्यान मे रखते हुए स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस छुरिया में गत दिनो रेसिपी क्लास का आयोजन किया गया।





दरअसल इस गर्मी की छुट्टियों में सेजेस छुरिया मे संस्था के प्राचार्य श्री धनेश सिन्हा द्वारा समर कैंप का संचालन किया जा रहा है । जिसके परिप्रेक्ष्य मे रेसिपी क्लास का आयोजन किया गया। इस रेसिपी क्लास में छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और विभिन्न पकवान बनाकर लाए ।जिससे उन्हे किसी पकवान विशेष को बनाने का तरीका (प्रोसेस) पता चल पाए। अविभावकों ने विद्यार्थियों से पकवानों को बनाने की वस्तुओं को जाना। विद्यर्थिगण बहुत ही सहजता से अविभावकों के प्रश्नों के उत्तर दिए।फॉलो द प्रोसेस के अंतर्गत विद्यार्थियों ने प्रोसेस ऑफ मेकिंग टी, प्रोसेस ऑफ ओपनिंग अ बैंक एकाउंट, प्रोसेस ऑफ बुकिंग सीट इन ट्रैन एन्ड बस आदि अनेक प्रोसेस को विद्यार्थियों ने समझा और सीख। इस रेसिपी क्लास मे बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने भाग लिए। इस मौके पर पालकगण भी उपस्थित थे जिनमे प्रेमलाल साहू , श्रीमती ममता साहू, भोजराम साहू , अरून रजक , हीरा लाल साहू , दीपक महोबिया , श्री लीलाधर कोसारे, कृष्णा राम साहू आदि उपस्थित थे।



## एक नजर

### प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत ई-केवाईसी करवाने की अंतिम तिथि 31 मई

**बिलासपुर ।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत पंजीकृत समस्त पात्र हितग्राहियों को खाता आधारित पेमेंट को बदल कर आधार आधारित किया गया है। जिन किसानों का आधार नम्बर में मोबाईल नं. लिंक नहीं होगा उनका आगामी भुगतान लंबित होगा। कृषि विभाग द्वारा सभी पंजीकृत पात्र किसानों से अपील की गई है कि वे अपने आधार नं. को अपने मोबाईल नं. से 31 मई 2022 तक लिंक कराकर ई-केवाईसी करा ले। किसान अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से या च्वाईस सेंटर में संपर्क कर ई-केवाईसी करा सकते है। किसान चाहे तो स्वयं ही पी.एम. किसान पोर्टल www.pmkisan.gov.in/aadharekyc.asp& में जाकर स्वयं ई-केवाईसी कर सकते है। ई-केवाईसी कराने के लिए सबसे पहले अपने मोबाईल नंबर आधार से लिंक कराना होगा। जिनका आधार नंबर आधार से लिंक नहीं है, वे आधार में मोबाईल नं. लिंक कराने हेतु आधार लोक सेवा में अपडेट कराना होगा। मोबाईल नं. लिंक कराने के बाद अपने मोबाईल से या च्वाईस सेंटर में जाकर पी.एम. किसान पोर्टल से ई-केवाईसी करायें। ई-केवाईसी कराने के बाद अपने आधार को बैंक से लिंक करा ले। च्वाईस सेंटर से ई-केवाईसी कराने पर शासन द्वारा 15 रू. की राशि निर्धारित है। उप संचालक कृषि ने किसानों से अपील की है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लेने के लिए ई-केवाईसी पूर्ण करा लें ताकि पी.एम. किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त हो सके। अधिक जानकारी के लिए किसान कृषि विभाग के मैदानी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी या विकासखण्ड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी या जिला कार्यालय कृषि विभाग से संपर्क कर सकते है।

### कोचिंग जा रही छात्रा से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार...

**गौरेला पेंड्रा मरवाही ।** रास्ता चलते नाबालिग से छेड़खानी करने वाले आरोपी को पेंड्रा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता ने थाना पेंड्रा में पहुंचकर शिकायत लिखवाई कि पेंड्रा का एक लड़का जिसका नाम गोकुल काछी है वह मुझे कोचिंग आते-जाते समय रास्ते में सूनी जगह देख कर छेड़खानी करता है, मना करने पर भी नहीं मानता था और आज तो उसने हद ही पार कर दी सोमवार को सुबह जब मैं कोचिंग जा रही थी, तब उसी समय हाथ पकड़ के खींच रहा था लोगों के आ जाने और भाग गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है आरोपी व्यक्ति के खिलाफ अपराध क्रमांक 213/22 धारा 354 भादवि 8 पास्को एक्ट के तहत न्यायिक रिमांड में भेज दिया गया है।

पेंड्रा थाना प्रभारी डीएन तिवारी ने बताया कि पीड़िता ने थाना पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज कराई थी शिकायत के आधार पर पुलिस द्वारा आरोपी की लगातार तलाश की जा रही थी। सूचना प्राप्त होने पर थाना गोकुल काछी पिता छुब्बुल काछी निवासी- पुरानी बस्ती पेण्ड्रा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

### शादी में खाना खाने के बहाने नाबालिग से छेड़छाड़, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**बिलासपुर ।** शादी घर में खाना खिलाने का झांसा देकर नाबालिग को सुनसान जगह में लेकर छेड़छाड़ करने के आरोपित युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसे रिमांड पर भेज दिया गया है। सरकंडा थाना क्षेत्र के बंधवापार चंद्रमौली मंदिर के पास रहने वाला आरोपित रामलोचन उर्फ चेंधु (32) के रिश्तेदार के घर शादी थी। आरोपित रामलोचन 24 मई को शादी में खाना खिलाने का झांसा देकर नाबालिग को साथ लेकर जा रहा था। सुनसान जगह पर मौका पाकर नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने लगा। पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपित उसे छोड़कर भाग गया। इसके बाद पीड़िता ने अपने स्वजन को घटना के बारे में जानकारी दी। स्वजन ने सरकंडा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ छेड़छाड़ के तहत अपराध दर्ज कर लिया था। शनिवार को सरकंडा पुलिस ने आरोपित रामलोचन को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया है।

### तेरह किलो गांजा सहित तीन गिरफ्तार



**सीपत ।** पुलिस ने कौआताल में तीन आरोपितों से 13.730 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया। तीन आरोपितों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। थाना प्रभारी प्रशिक्षु आइआइएस विकास कुमार को मुखबिर से सूचना मिली की कौवाताल निवासी रामकुमार यादव, आशीष यादव, अवनीश यादव गांजा बेचने के लिए बड़ी मात्रा में घर में रखे हुए हैं। सूचना के बाद एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्रावधानों का पालन करते हुए सीपत थाना की टीम सहायक उप निरीक्षक रमेश साहू के नेतृत्व में कौंआताल के लिए रवाना हुई। घटनास्थल पर जब पुलिस की टीम पहुंची तो वहां आरोपितों के मकान में अवैध रूप से गांजा रखा हुआ था। मामले में तीनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गए आरोपित में रामकुमार यादव पिता इतवारी यादव (52) के कब्जे से पांच पैकेट, आशीष यादव पिता रामकुमार यादव(27) से छह पैकेट एवं अवनीश यादव पिता शिव कुमार यादव (21) से तीन पैकेट सभी आरोपित कौआताल से 14 पैकेट वजन 13.730 किलो ग्राम जिसकी कीमत 68 हजार रुपये को मौके पर जप्त कर गांव के गवाहों के समक्ष सील बंद करते हुए पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। मामले में पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ धारा 20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपितों को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जिस पर कोर्ट के आदेश पर उन्हें जेल दाखिल किया गया।

# ऑक्सीजन मैन के नाम से जाने जाने वाले प्यारे खान उर्स कार्यक्रम में शामिल होने राजनांदगांव पहुंचे

राजनांदगांव। श्री प्यारे खान ने कोरोना संक्रमण के दौरान पूरे देश में ऑक्सीजन की आपूर्ति की है। प्यारे खान अभी वर्तमान में ताजबाग ट्रस्ट के अध्यक्ष भी है, उन्होंने देश में फैली कोरोना संक्रमण से देशवासियों को राहत दिलाने के लिए फ्लाइट एवं रेलमार्ग से पूरे देश के विभिन्न राज्यों मे ऑक्सीजन की सप्लाई की थी।



श्री खान जरूरतमंद प्राइवेट संस्थाओं जो क्वारनटाईन में थे, उन्हें भी ऑक्सीजन की पूर्ति की थी। प्यारे खान का पारीनाला उर्स में विशेष अतिथि के रूप में आगमन हुआ। श्री खान उर्स कमेटी के सदर अब्दुल कलाम खान नईमी और उर्स कमेटी टीम के बुलावे पर आए थे, वे राजनांदगांव के दामाद और वरिष्ट समाजसेवी रशीद भाई बेयरिंग वाले के दामाद भी है।

दरगाह इन्तेजामिया कमेटी के मेंबर और उर्स कमेटी के मिडिया प्रभारी सैय्यद अफजल अली ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री खान मोहिद्दीसे आजम मिशन स्कूल के सदर जनाब हाजी तनवीर अहमद, खिदमत फाउंडेशन के सदर जनाब आदिल रिजवी, समाजसेवी शाहिद भाई यासिनी, पूर्व महापौर सुदेश देशमुख की पूरी टीम से भी मुलाकात की।

प्यारे खान हनफी मस्जिद गोल बाजार भी गये। मठपारा कब्रस्तान के सदर जलालुदीन निर्वाण और कमेटी से मुखातिब हुए। पारीनाला जलालबाग दरगाह इन्तेजामिया कमेटी के सदर हाजी मंसूर अंसारी के निवास स्थान पर दरगाह इन्तेजामिया कमेटी के सदर एवं टीम ने इस्तकबाल किया। प्यारे खान ने बताया कि देश में यूनाइटेड ऑफ स्टेट्स की तर्ज पर सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है।

राजनांदगांव जिले के एक दिवसीय प्रवास पर पहुंचे केन्द्रीय सड़क सेफ्टी कौंसिल के सदस्य प्यारे खान ने कहा है कि पूरे देश के सड़कों को एक्सीडेंट फ्री जोन करने पर तेजी से काम किया जा रहा है। इस कार्य के लिए केन्द्रीय मंत्री नीतिन गड़करी का पूरा सहयोग मिल रहा है। इसके लिए देश के विभिन्न राज्यों के एक्सीडेंट जोन सड़कों को चिन्हांकित कर काम किया जा रहा है। उन्होंने आगे बताया कि महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, तेलगांना, मध्यप्रदेश, पश्चिम बंगाल और उड़ीसा समेत 8 राज्यों की उन्हें जिम्मेदारी मिली है। केंद्रीय सड़क सेफ्टी काउंसिल के सदस्य प्यारे खान ने कहा देश मे अमरीका की तरह सड़क बनाने की तर्ज पर चल रहा काम।

छत्तीसगढ़ राज्य में बाइक एक्सीडेंट के मामले ज्यादा सामने आ रहे हैं। इस पर कैसे रोक लगाई जाए? इस पर काम किया जा रहा है। प्यारे खान के साथ नागपुर से पधारें जनाब शकील पटेल, जनाब अब्दुल कदीर, जनाब हाजी इज्जु भाई, जनाब सैय्यद रऊफ शामिल हुए। इस अवसर पर हाजी मंसूर अंसारी, अनीस गुरूजी, अब्दुल कलाम खान, हैदर जोया, राजिक खान (राजा भाई), आसिफ भाई (अस्सु), नासिर खान (बेयरिंग), अमीन हुद्दा, इमरान अंसारी, आरिफ बड़गुजर, अख्तर (छोटु भाई), खुर्शीद रंगरेज, नरेश रामटेके, मनोज अग्रवाल, सत्ते, असलम खान उपस्थित थे।

## एक नजर

# दुल्की लौह अयस्क खान से उत्पादन शुरू

### लम्पस व फाईन्स से लोड पहली रैक रवाना, BSP डायरेक्टर ने दिखाई हरी झंडी



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की दुल्की लौह अयस्क खान में उत्पादन शुरू हो गया है। यहां के क्रशिंग व स्क्रीनिंग प्लांट से उत्पादित लम्पस और फाईन्स से भरी पहली रैक शनिवार को रवाना किया गया। इस रैक को भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस उपलक्ष्य में बीएसपी प्रबंधन द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दासगुप्ता ने बताया कि दुल्की खान 14 जून, 2019 शुरू की गई थी। मात्र दो साल के अंदर इस सघन वन क्षेत्र से उच्च गुणवत्ता युक्त लौह अयस्क का उत्पादन शुरू कर पाना किसी मिसाल से कम नहीं है। कार्यपालक निदेशक (वर्कर्स) अंजनी कुमार ने दुल्की माइन्स से आने वाले उच्च गुणवत्तायुक्त लौह अयस्क की भिलाई इस्पात संयंत्र को आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए उत्पादन बढ़ाने एवं गुणवत्तायुक्त लौह अयस्क से लाभों के बारे में बताया। इस मौके पर गया। संयंत्र के कार्यपालक निदेशक (माइन्स एवं रावघाट) मानस बिस्वास, कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ. एस के इस्सर, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (वित्त एवं लेखा) डॉ. ए के पंडा, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (माइन्स एवं रावघाट) तपन सूत्रधार, मुख्य महाप्रबंधक (रावघाट) समीर स्वरूप, मुख्य महाप्रबंधक (एचआरडीसी एवं बीई) संजय धर मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# मम्मा सम बने तपस्वी योग कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

### संकल्प और कर्म में समानता होगी तब परमात्म प्यार का अनुभव होगा

**भिलाई** । कथनी करनी ,संकल्प और कर्म में समानता हो तो परमात्म प्यार का अनुभव होगा । प्यार बहुत छोटा सा शब्द है लेकिन उसकि गहराई बहुत ज्यादा है, हमारे सोच और कर्म में समानता लाना ही परमात्म प्यार को निभाना है।

उक्त उद्गार सेक्टर 7 स्तिथ पीस ऑडिटोरियम में ब्रह्माकुमारीज़ की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगतम्बा की स्मृति में मम्मा सम बने तपस्वी योग तपस्या जून मास के उपलक्ष्य में भिलाई सेवाकेन्द्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने कही। मम्मा सम बने तपस्वी के बारे में आपने बताया कि तपस्या अलग जीवन अलग नहीं बल्कि हमारा जीवन तपस्वी जीवन हो। हर कर्म में तपस्या दिखाई दे । मातेश्वरी जी ने तपस्वी जीवन जी कर दूसरों को भी वैसा तपस्वी जीवन जीना सिखाया। इसी थीम को लेकर मम्मा सम बने तपस्वी योग तपस्या प्रोग्राम का पूरे इंदौर जोन में शुभारंभ किया गया । जो कि पूरा जून मास चलेगा जिसमें प्रथम सप्ताह एकाग्रता की शक्ति का अभ्यास,दूसरा सप्ताह निर्भयता की शक्ति, तीसरा सप्ताह पवित्रता की शक्ति का चौथा सप्ताह रुहानियत की शक्ति का अभ्यास सभी ब्रह्मा वत्स करेंगे। जिसमें दृढ़ता,सच्चाई से व्यर्थ बोल ,बातों ,सोच पर अटेंशन देकर सप्ताह में एक दिन पूर्णतः मौन में रहेंगे । जिसमें हमें मोबाइल और व्हाट्सएप भी कम से कम इस्तेमाल करना है। सर्वप्रथम भिलाई स्थित सभी सेवाकेन्द्रों की मुख्य ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा दीप प्रज्वलन कर मम्मा सम बने तपस्वी योग कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया। आशा दीदी ने प्रातः राजयोग सत्र में कहा कि कर्मेंद्रियां आपके ऑर्डर में हो कर्मचारी के रूप में। कर्मेन्द्रियां आपके ऑर्डर प्रमाण चलती है या आप उनके ऑर्डर मानते हो। आज्ञाकारी वफादार माना जो कहा वह किया। राज्य अधिकारी बन रोज कर्मेंद्रियों रूपी कर्मचारियों की दरबार लगाओ नहीं तो गलत कर्मों के संस्कार पक्के हो जाते हैं जिन्हें परिवर्तन करने में बहुत समय और मेहनत लगती है।

### भारतीय जनता पार्टी मंडल भाजपा छुरिया द्वारा आयोजित ग्राम जैतगुड़रा एवं शिकारी महका

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात आम जनो व कार्यकर्ताओं के साथ सुना गया





**छुरिया** । भारतीय जनता पार्टी मंडल भाजपा छुरिया द्वारा ग्राम जैतगुड़रा एवं शिकारी महका में माननीय यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की मनकीबात कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष रविन्द्र वैष्णव जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव जिला पंचायत सदस्य ,श्रीमती ललिता कवर* मायाराम साहू उपाध्यक्ष मंडल भाजपा छुरिया भान सिंह चंद्रवंशी सदस्य जनपद पंचायत छुरिया रेखा कुंजाम सरपंच जैतगुडरा कुंदन बडोले प्रभारी मन की बात परभरी मंडल छुरिया ईश्वरी चंद्रवंशी सरपंच मारकाकसा भगतू चंद्रवंशी सरपंच गोपालपुर परमानंद कुंजाम अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा जनकीशरण श्रीवास्तव सरपंच जोब गुमान सिंह सरपंच बेदाड़ी हिमेश चंद्रवंशी सरपंच खोभा सुंदर लाल उपसरपंच ग्राम पटेल जैतगुडरा साथ ही बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

# चोरी की पांच नग मोटरसाइकिल के साथ चोर गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

**कोरबा** । पुलिस अधीक्षक श्री भोज राम पटेल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अभिषेक वर्मा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री ईश्वर त्रिवेदी के मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है कि थाना क्षेत्र में चोरी जैसे घटनाओं पर अंकुश लगाएं एवं चोरी जैसे अपराध को अंजाम देने वालों पर त्वरित कार्यवाही करे। इसी तारतम्य में 28 मई 2022 को पाली थाना पुलिस को मुखबिर सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम तालापारा में एक व्यक्ति चोरी का मोटरसाइकिल बेचने की फिराक में ग्राहक का तलाश कर रहा है की सूचना तस्दीक एवं कार्यवाही वास्ते हालात वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा कर एवं उनसे दिशा-निर्देश प्राप्त कर थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल पटेल के नेतृत्व में एक टीम तैयार कर मौका स्थल ग्राम तालापारा में गवाह एवं पुलिस पार्टी के रेड कार्यवाही किए जो एक व्यक्ति मोटरसाइकिल डिलक्स सोल्ड को बेचने की फिराक में ग्राहक का तलाश कर रहा था। जिसे हिरासत में लेकर नाम पता पूछने पर अपना अर्जुन सिंह कवर पिता बुधवार सिंह पवार निवासी डुमरी थाना बाल्को का रहने वाला बताया।

संदेही व्यक्ति से मोटरसाइकिल के संबंध में दस्तावेज पेश करने नोटिस दिए जो मोटरसाइकिल का कोई कागजात नहीं होना लिखित में दिया। जिसे हिकमत अमली से पूछताछ पर आरोपी के द्वारा उक्त मोटरसाइकिल को बुधवारी बाजार क्षेत्र कोरबा एवं आसपास के क्षेत्र से अपने साथी गीत कुमार निवासी सतरंगा के साथ मिलकर चोरी करना तथा बिक्री के लिए ग्राहक की तलाश करना बताया।

### प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ. मनिन्दर कौर द्विवेदी ने जिला चिकित्सालय बसंतपुर एवं शासकीय मेडिकल कॉलेज पेण्ड्री का किया निरीक्षण

# मेडिकल कॉलेज परिसर में अतिक्रमण के दुकानों को हटाने के दिए निर्देश



- हमर लैब की अधोसंरचना तथा ब्रांडिंग की प्रशंसा
- पीजी हॉस्टल निर्माण तथा पब्लिक कैंटीन प्रारंभ करने के दिए निर्देश
- मेडिकल कॉलेज में एक फ्लोर का और निर्माण करने के लिए कहा

**राजनांदगांव।** प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा डॉ. मनिन्दर कौर द्विवेदी ने आज जिला चिकित्सालय बसंतपुर एवं शासकीय मेडिकल कॉलेज पेण्ड्री का निरीक्षण किया। उन्होंने हमर लैब के अवलोकन के दौरान वहां अधोसंरचना तथा ब्रांडिंग की प्रशंसा की। वहां आवश्यक मशीन की कमी के संबंध में जानकारी ली एवं राज्य शासन से उपलब्ध कराने के लिए कहा। प्रमुख सचिव डॉ. द्विवेदी ने पोषण पुर्नवास केन्द्र में अभिभावकों से चर्चा की एवं खाने के गुणवत्ता के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बच्चों के भोजन में हरी सब्जियां अवश्य शामिल करें। उन्होंने जिला चिकित्सालय के पुराने भवन की मरम्मत करने कहा तथा वहां क्लास रूम में डिप्लोमा कोर्स के लिए स्वीकृति हेतु राज्य स्तर पर पत्र लिखने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जिला चिकित्सालय को ई-अस्पताल बनाने के कार्य में गति लाएं। शासकीय मेडिकल कॉलेज पेण्ड्री में उन्होंने प्रकाश एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था करने के लिए कहा। अव्यस्थित निर्माण कार्य नहीं होना चाहिए। मेडिकल कॉलेज में एक फ्लोर और निर्माण करने के लिए सीजीएमएससी को प्रस्ताव बनाकर भेजने कहा। उन्होंने पीजी हॉस्टल निर्माण तथा पब्लिक कैटींन प्रारंभ करने कहा। रैनबसेरा भवन का तत्काल उपयोग प्रारंभ करने के लिए कहा। उन्होंने मेडिकल कॉलेज परिसर में अतिक्रमण के दुकानों को हटाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डीन मेडिकल कॉलेज डॉ. रेणुका गहिने, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी, डीपीएम गिरीश कुर्रे एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# महापौर ने किया जैन समाज द्वारा बनाये जा रहे सार्वजनिक सड़क निर्माण का भूमि पूजन



**राजनांदगांव।** महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख द्वारा सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति में गौरव पथ से जैन भवन तक शासकीय चिकित्सालय के पास रिक्त शासकीय भूमि में जैन समाज द्वारा स्वयं के व्यय से सडक निर्माण का भूमिपूजन पूजा अर्चना कर श्रीफल फोड कर किया गया। इस अवसर पर लोककर्म विभाग के प्रभारी सदस्य मधुकर वंजारी, वार्ड पार्षद श्री शरद पटेल, नामांकित पार्षद प्रभात गुप्ता व पूर्व पार्षद जीतेन्द्र शर्मा,साधुमार्गी जैन संघ के अध्यक्ष उत्तम चंद बाफना, उपाध्यक्ष बालचंद पारख, ओम कांकरिया, वर्धमान स्थानकवासी अध्यक्ष मदन पारख विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में जैन सामाज द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में महापौर हेमा देशमुख ने कहा जैन समाज द्वारा स्वयं के व्यय से बनाये जा रहे सड़क निर्माण करना एक सराहनीय कार्य है,इस संबंध में समाज द्वारा सडक निर्माण के लिये अनुमति हेतु निगम में पत्र प्रेषित किया गया था, जिसपर कार्यवाही करते हुये निगम ने विधिवत अनुमति प्रदान की है। उन्होंने के कहा कि सड़क बन जाने से जैन समाज के लोगों समाजिक भवन आने जाने में सुविधा होने के साथ साथ शासकीय चिकित्सालय के क्वार्टर में निवासरत डॉक्टरो व अन्य कर्मचारियों को भी आवागमन में सुविधा होगी। कार्यक्रम में समाज के ललित चौरडिया, नीलमचंद बैद,प्रवीण सेठिया कुशाल चंद पारख, जेठमल ओस्तवाल, रोहित पारख समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# पति की दीर्घायु के लिए महिलाओं ने रखा व्रत, बरगद पेड़ के नीचे की पूजा-अर्चना

दुर्ग ! दुर्ग न्यू आदर्श नगर गार्डन समेत अन्य जगहों में आज सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री की पूजा अर्चना पति की लंबी उम्र और सुख शांति की कामना की। वहीं, वट सावित्री पूजा को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया है।



वट सावित्री



वट वृक्ष को मौसमी फल अर्पित करने, कच्चे सूत से बांधने और बियने हथ पंखा से ठंडक पहुंचाने के बाद महिलाओं ने आस्था के साथ इसकी परिक्रमा की पूजा के बाद वट सावित्री कथा भी सुनी।उल्लेखनीय है कि जेष्ठ मास के अमावस्या के दिन पडने वाले इस पर्व में सुहागिन महिलाओं ने पूजा की थाली सजाकर वट वृक्ष की बारह बार परिक्रमा की और फल फूल चढाकर सुख समृद्धि और पति की लंबी आयु की कामना करती है। इस व्रत का विशेष महत्व है जहां घरों में नई-नवेली दुल्हनों के साथ सुहागिन महिलाएं बरगद पेड़ के नीचे पहुंची पूरे दिन पूजा-अर्चना की।वट सावित्री पूजा के दौरान श्रीमती सरिता ठाकुर,श्रीमती स्वेता बक्शी,श्रीमती ज्योति कनोज,श्रीमती बबिता देशमुख,श्रीमती पूनम सिंह,श्रीमती प्रियंका पटेल, श्रीमती उषा राजपूत,श्रीमती ऋतु गौतम,श्रीमती उष्पा बथाव के अलावा बड़ी संख्या में कालोनी की महिलाएं मौजूद थी। इस अवसर पर महिलाओं ने कहा कि वट सावित्री पूजन करना फलदायक होता है व्रत रखने वाली महिलाओं के अनुसार इस व्रत को सबसे पहले सावित्री ने अपने पति सत्यवान की प्राण को यमराज से वापस मागकर लाई थीं, तब से इस व्रत को सुहागिन करती चली आ रही है। वट सावित्री व्रत में महिलाएं 108 बार बरगद की परिक्रमा करती हैं। कहते हैं कि वट सावित्री पूजन करना बेहद फलदायक होता है। महिलाओ ने ये भी कहा कि इस दिन महिलाएं सुबह से स्नान कर लेती हैं और सुहाग से जुडा हर श्रृंगार करती हैं, जब तक पानी नहीं पीती हैं जब तक वह पूजा नहीं कर लेती हैं वट सवित्री के दिन महिलाएं त्यौहार की तरह अपने अपने घरों में भोजन के साथ पकवान भी बनाती हैं। वट वृक्ष पूजन में साल भर में जो 12 महिने होते है। उसके अनुसार सभी वस्तुएं भी 12 ही चढाई जाती हैं। कच्चे धागे का जनेऊ बनाकर उसको अपने गले में धारण करती है।



# टीआई प्रवीण मिंज फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये दे रहे दबिश

**घर घुसकर महिला से छेड़खानी, मारपीट मामले में चौथे आरोपी की गिरफ्तारी, छेड़खानी के साथ बलवा, आर्म्स एक्ट की धाराओं में आरोपी को भेजा गया रिमांड**

जोहार छत्तीसगढ़-घरघोड़ा।

एसपी अभिषेक मीना के दिशा निर्देशन एवं एसडीओपी धरमजयगढ़ व सीएसपी दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर घरघोड़ा टीआई प्रवीण मिंज क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये असमाजिक तत्वों एवं फरार आरोपियों की धरपकड़ तेज कर दी गई है ।



इसी क्रम में घर घुसकर महिला से छेड़खानी व मारपीट कर उत्पात मचाने वालों की धरपकड़ के लिये टीआई घरघोड़ा लगातार आरोपियों के ठिकानों पर दबिश दिया जा रहा है जिस पर मामले का एक और आरोपी कैलाश महंत को गिरफ्तार कर पूर्व गिरफ्तार सुदा उनके साथी आरोपी मो. सोहेल खान, अफजल अली उर्फ अफजल खान और आरोपी शेख साहिल के पास जेल भेजा गया है। छेड़खानी व मारपीट के संबंध में पीड़ित महिला के लिखित आवेदन पर आरोपी मो. सोहेल खान, अफजल अली उर्फ अफजल खान, सलीम खान उर्फ कोल्टू खान, इमरान खान, विकास ठाकूर के विरूद्ध 22 अप्रैल 22 के रात्रि घर घुसकर महिला के पति के साथ मारपीट और महिला के साथ छेड़खानी कर घर के बाइक को तोड़फोड़ के संबंध में अपरध क्रमांक 148/2022 धारा 147, 148, 294, 506, 323, 427, 354-क, 458, 149 आइपीसी, 25,27 आर्म्स एक्ट का अपराध दर्ज किया गया था। घटना के बाद से आरोपीगण फरार थेख जिनकी पतासाजी गिरफ्तारी के लिये लगाये मुखबिरों से जानकारी लेकर दिनांक 22 मई 2022 को आरोपी अफजल खान पिता खिजर अली उम्र 24 वर्ष वार्ड 9 नवापारा, सोहेल खान पिता रफीक थाना के पीछे वार्ड 13 घरघोड़ा को तथा 23 मई 2022 को आरोपी शेख साहिल पिता शेख हारून उम्र 20 साल निवासी उरांवपारा वार्ड क्रमांक 03 घरघोड़ा को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया था। आरोपियों की दबिश दौरान आज आरोपी कैलाश महंत पिता रविदास महंत उम्र 38 वर्ष निवासी फ़ेकटपारा वार्ड क्रमांक 7 घरघोड़ा, थाना घरघोड़ा जिला रायगढ़ को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। प्रकरण में गिरफ्तार आरोपियों से मारपीट में प्रयुक्त डंडा, लोहे का राड, धारदार तलवार नुमा हथियार की जब्ती पर प्रकरण में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट तथा 149 आईपीसी की धारा जोड़ा गया है।

## एक नजर

### बिजली के खंभे से गिरकर युवक हुआ घायल

डायल 112 की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रतनपुर लाया गया

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



रतनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम गिधौरी में बिजली खंभे में चढ़कर बिजली सुधार कार्य कर रहे युवक चंद्रप्रकाश धीवर पिता बलराम धीवर उम्र 24 वर्ष ग्राम गिधौरी बिजली के खंभे से अचानक नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसके हाथ पैर सिर में चोट लगी हुई है इस घटना की सूचना परिजनों ने रतनपुर 112 पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस आरक्षक शरद कुमार धुर्वे और उसकी टीम के द्वारा घायल युवक को रतनपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाकर के भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज जारी है।

### ट्रक और इनोवा में टक्कर, 7 लोग घायल

तीरथगढ़ जलप्रपात देखने जा रहे थे सभी, तभी हुआ हादसा



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में रविवार को ट्रक और इनोवा की जबरदस्त टक्कर हो गई। इस हादसे में इनोवा में सवार 7 लोग घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि सभी घायलों का डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। घायल 7 लोगों में चालक को छोड़कर बाकी सभी 6 महिलाएं हैं। मामला सिटी कोतवाली क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, जगदलपुर के वृंदावन कॉलोनी में एक शादी समारोह में शामिल होकर सभी महिलाएं तीरथगढ़ जलप्रपात की सैर करने के लिए जा रहीं थीं। इस बीच कोल्ड स्टोर के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने इनोवा को सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की इनोवा वाहन के परखच्चे उड़ गए। हादसे में चालक समेत छह महिलाएं घायल हो गईं। जिसके बाद आसपास में मौजूद लोगों ने सभी को एंबुलेस के माध्यम से डिमरापाल मेडिकल कॉलेज भिजवाया। घायलों में वाहन चालक विशाल (40), अंकिता (32), श्रद्धा (40), भाग्यश्री (30), शारदा (28), पूनम (27) और मिताली (22) शामिल हैं। वाहन चालक विशाल विशाल को गंभीर रूप से चोटें आई हैं।

### तुफानी हवाओं से कई घरों के छत उड़े विद्युत सेवा हुई बाधित

दोरनापाल स्वास्थ केंद्र की छत उड़ी, मरीज नहीं थे मौजूद

**सुकमा** । जिले के दोरनापाल में आज शाम तकरीबन 05 बजे मौसम बदलने लगा देखते ही देखते अचानक नगर में तेज हवाएं चलने लगी, तेज हवाओं ने नगर के अलग-अलग वार्डों में पचास से अधिक घरों को अपने चपेट में ले लिया और कई घरों के छत में पेड़ गिर गए लेकिन किसी तरह के हताहत होने की खबर नहीं मिली है। नगर भर में पचास से अधिक घरों में नुकसान हुआ जिसमें अधिकतर घरों के पुरे छत ही उड़ गए है। दोरनापाल स्वास्थ केंद्र की छत पूरी तरह से उड़ गया है, गनीमत रही कि इस दौरान वहां कोई मरीज नहीं था।

# नवतपा में तापमान गिरा, बदला मौसम का मिजाज

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



गर्मी में दिन ब दिन बढ़ते हुए तापमान ने लोगों को पसीने से तर-बतर कर दिया है। नवतपा में सबसे ज्यादा गर्मी पड़ता है। जिसके बाद प्री मानसून से बरसात शुरू हो जाती है। लेकिन इस बार तो नवतपा में तापमान में गिरावट आई है। वहीं मौसम में बारिश की संभावना जताई जा रही है। आसमान में बादल मंडराने लगा है। ज्येष्ठ मास अमावस्या दसवीं तिथि के नवतपा प्रारंभ होती है। जो इस वर्ष 25 मई से 2 जून तक है। लेकिन शुरू दिन से ही शाम होते ही मौसम खुशनुमा हो जाता है। जिससे लोगों को नवतपा का एहसास नहीं हो रहा है। लेकिन जानकारों की माने तो नवतपा में गर्मी पड़ने से अच्छी बारिश होती है। नवतपा में बारिश होने से बरसात के दिनों में बारिश कम होती है।

# बेमेतरा थाना परिसर के सामने नेकी की दीवार में लगा गंदगी का जमावड़ा

जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



नगर पालिका परिषद के अंतर्गत आने वाला वार्ड चौक चौराहों में इन दिनों गंदगी का जमावड़ा लगा हुआ है। बेमेतरा थाना के सामने एक माह तक कीचड पानी पाउच डिस्पोजल जैसे गंदगी का ढेर लगा हूआ था जिससे गंदी बदबू आने लगा था एक पुलिस जवान संदीप साहू ने अपने हाथों से कचडे उठा कर साफ किया। संदीप ने बताए की कई माह से गंदगी जमा हुआ था जिससे बहुत बदबू आने लगी थी। लेकिन सब देखकर नजर अंदाज कर रहे थे और यहां की बात करें तो ईस जगह में एक प्याऊ घर है यह प्याऊ घर बेमेतरा में सब जनप्रतिनिधि आते जाते हैं इस जगह प्याऊ घर जनप्रतिनिधि समाज सेवकों द्वारा खोला गया है। ऐसे जगह में गंदगी व बदबू का होना एक बड़ी बीमारी को न्योता देना समान है यह सब देख कर कैसे नजर अंदाज करूं जवाबदार व्यक्ति यहां मौन हैं।

# पुलिस ने किया गुम हुये अठारह लाख रुपये का मोबाइल रिकवर

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर-चांपा।

पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय जांजगीर में आम नागरिकों के गुम हुये लगभग अठारह लाख रुपये कीमती विभिन्न कंपनियों के 104 एंड्रॉयड मोबाइल फोन का रिकवर किया गया। मोबाइल पाकर आम लोगों के चेहरे में चमक देखने को मिली। बताते चलें जिले के आम नागरिकों द्वारा अपनी एंड्रॉयड फोन गुम होने की सूचना थानों में दिया गया था, जिसे सायबर सेल




भेजकर खोजबीन किया जा रहा था। सायबर सेल द्वारा जिले में गुम हुये मोबाइल की सूचना को सभी थाना/चौकी से एकत्र कर बरामद करने का अभियान चलाया गया। आम नागरिकों के मोबाइल गुम की सूचना पर सायबर सेल द्वारा कुल 104 एंड्रॉयड मोबाइल सेट बरामद किया गया। इस अभियान के तहत जिले के अलावा रायपुर, राजनांदगांव, दुर्ग, भिलाई, बेमेतरा तथा अन्य स्थानों से सायबर सेल द्वारा 104 गुम एंड्रॉयड मोबाइल सेट बरामद किया गया, जिसकी कीमत करीबन अठारह लाख रुपये है। उक्त कार्यवाही में सायबर सेल जांजगीर चाम्पा के अधिकारी-कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। आम नागरिकों को अपने मोबाइल फोन मिलने की कोई उम्मीद नहीं थी लेकिन सायबर सेल की तकनीकी सहायता से बरामद कर वापस करने से सभी ने जांजगीर पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किये हैं। मोबाइल फोन रिकवर करने के साथ ही जांजगीर चांपा पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि अपने मोबाइल को सम्हाल कर रखें। ज्यादातर मोबाइल हाट बाजार, मेला, मंड़ई में गुम होते हैं ऐसे जगहों पर अपने मोबाइल का उपयोग ध्यान से करे। यदि गुम या चोरी होती है तो तत्काल दस्तावेज के साथ थाना जाकर सूचना देवे। साथ ही यदि किसी व्यक्ति को रास्ते मे कोई मोबाइल गिरा हुआ मिले तो उसे तत्काल नजदीकी थाने में जमा करें और अच्छे नागरिक होने का परिचय दे। किसी भी दुकानदार द्वारा बिना बिल दिये जिसमें आईएमईआई ना लिखा हो ऐसा मोबाइल उनसे कतई ना खरीदे। हो सकता है वो मोबाइल चोरी का हो या किसी अन्य घटना में उपयोग किया गया हो। इस तरह के कृत्य में शामिल होना पाये जाने से कड़ी कार्यवाही किया जाता है।

# सहकारी समितियों में रासायनिक खाद की कमी, किसान भटकने को मजबूर

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

देश का अन्नदाता कहलाने वाले किसान को हमेशा परेशानी का सामना करना पड़ता है। छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा गया है, क्योंकि ज्यादातर मात्रा में यहां धान की खेती होती है। लेकिन धान उपजाने वाला किसान की सुध लेने वाला कोई नहीं है। कभी खाद बीज के लिए भटकता है तो कभी उचित मूल्य पाने के लिए संघर्ष करता है। रबी फसल के धान को किसान औने पौने दाम पर बेचने को मजबूर है। 10 से 12 सौ रुपये प्रति क्विंटल में व्यापारी को धान दे रहे हैं। वहीं अब बरसात की शुरुआत होने वाली है जिसके लिए किसान तैयारी में जुट गया है। क्योंकि किसान खेती पर ही निर्भर रहता है। खेती के लिए किसानों को शासन द्वारा सहकारी समितियों के माध्यम से खाद बीज वितरण किया जाता है। लेकिन अभी खाद बीज का वितरण शुरू हुए सप्ताह भर नहीं हुआ है और रासायनिक खादों की कमी हो गई है। कहीं यूरिया की कमी तो कहीं पोटाश तो कहीं डीएपी की कमी हो गई है। जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है, क्योंकि रबी सीजन में ढाई सौ के यूरिया खाद को आठ सौ रुपये में खरीदने को मजबूर हो गया था। रासायनिक खादों की कालाबाजारी ने किसानों की कमर तोड़ दी है। अभी सीजन के लिए खाद की कमी सुनकर किसानों की चिंता बढ़ा दी है।

# आदर्श नारीत्व का प्रतीक है वटसावित्री व्रत-अरविन्द तिवारी

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर-चांपा।

वैसे तो हिन्दू धर्म में अनेकों पर्व और त्यौहार उत्साह पूर्वक मनाये जाते हैं मगर वट सावित्री का पर्व सुहागिन महिलाओं के लिये खास महत्व रखता है। वट सावित्री व्रत हिन्दू महिलाओं के लिये सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक व्रतों में से एक है। अपने अखंड सौभाग्य और कल्याण के लिये महिलायें आज के दिन यानि ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को वट सावित्री व्रत रखती हैं।



इसी दिन सावित्री ने यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राणों की रक्षा की थी। वट का वृक्ष त्रिमूर्ति को दर्शाता है यानि यह वृक्ष भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश का प्रतीक है। इसके नीचे बैठकर पूजन करने ए व्रत कथा आदि सुनने से मनोकामना पूरी होती है। भगवान बुद्ध को भी इसी वृक्ष के नीचे ज्ञान प्राप्त हुआ था। अतरू वट वृक्ष को ज्ञान ए निर्वाण एव दीर्घायु का पूरक माना गया है। यह त्यौहार देश के विभिन्न राज्यो में पूरे उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुये अरविन्द तिवारी ने बताया कि ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या ही वट सावित्री अमावस्या कहलाती है। इस दिन शनि जयंती मनाने की भी परंपरा है। वट सावित्री व्रत को कुंवारी और विवाहित दोनों ही महिलाओं द्वारा रखा जाता है। इसमें जहां कुंवारी कन्यायें इच्छानुसार वर की कामना के लिये ये व्रत करती हैं, तो वहीं शादीशुदा महिलायें अपने अखंड सौभाग्य और परिवार की समृद्धि के लिये इस व्रत को रखती हैं। जो पत्नी इस व्रत को सच्ची श्रद्धा के साथ करती है उसे ना केवल पुण्य की प्राप्ति होती है बल्कि उसके पति के सभी कष्ट भी दूर हो जाते हैं। आज के दिन सौभाग्यवती महिलायें सोलह श्रृंगार करके बरगद, पीपल के पेड़ की विधिवत पूजा कर पेंड़ के तने के चारो ओर पीले रंग का पवित्र कच्चा धागा एक सौ आठ बार बांधती और फेरे लगाती हैं ताकि उनके पति दीर्घायु हों। प्यार, श्रद्धा और समर्पण का यह भाव हमारे देश में सच्चे और पवित्र प्रेम की कहानी के लिये प्रसिद्ध है। भारतीय संस्कृति में यह व्रत आदर्श नारीत्व का प्रतीक माना जाता है। वटवृक्ष दीर्घायु, अमरत्व, ज्ञान, निर्वाण का भी प्रतीक है। इस कारण पति की दीर्घायु और अपनी अखंड सौभाग्यवती के लिये वटवृक्ष का पूजा, आराधना इस व्रत का मुख्य अंग बन गया है। तत्पश्चात वट सावित्री की कथा सुनती हैं और पूजन समाप्ति पर घर के बड़े बुजुर्गो का आशीर्वाद लेती हैं। बिना कथा सुने यह व्रत अधूरा माना जाता है। इस व्रत की कथा के अनुसार इसी दिन देवी सावित्री ने यमराज के फंदे से अपने पति सत्यवान के प्राणों की रक्षा की थी।

## वट वृक्ष का महत्व

पुराणों में यह स्पष्ट लिखा गया है कि वट का वृक्ष त्रिमूर्ति को दर्शाता है। इसकी जड़ों में भगवान ब्रह्माजी, तने में विष्णुजी और पत्तों में शिवजी का वास है। इसके नीचे बैठकर पूजन करने, व्रत कथा कहने और सुनने से मनोकामना पूरी होती है। भगवान बुद्ध को भी इसी वृक्ष के नीचे ज्ञान प्राप्त हुआ था। अत: वट वृक्ष को ज्ञान, निर्वाण व दीर्घायु का पूरक भी माना गया है। हिन्दू धर्म के अनुसार प्रयाग के अक्षयवट, नासिक के पंचवट, वृंदावन के वंशीवट, गया में गयावट और उज्जैन के सिद्धवट। इन पांचों वटों को पवित्र वट की श्रेणी में रखा गया है।

## वट सावित्री का महत्व

वट सावित्री की कथा हर परिस्थिति में अपने जीवनसाथी का साथ देने का संदेश देता है। इससे ज्ञात होता है कि पतिव्रता स्त्री में इतनी ताकत होती है कि वह यमराज से भी अपने पति के प्राण वापस ला सकती है। वहीं सास-ससुर की सेवा और पत्नी धर्म की सीख भी इस पर्व से मिलती है। मान्यता है कि इस दिन सौभाग्यवती स्त्रियां अपने पति की लंबी आयु, स्वास्थ्य और उन्नति के लिये यह व्रत रखती हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in